तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर, सोमवार, 04 नवंबर 2024 ■ कार्तिक शुक्ल पक्ष-3 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-214 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 5 नवंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

केंद्रीय गृहमंत्री पदक की घोषणा

रायपुर,4 नवंबर। एमएचए ने केंद्रीय गृहमंत्री पदक की घोषणा की है। इस बार सबसे अधिक पदक छत्तीसगढ़ के पुलिस अधिकारियों जवानों को मिला है। छग के 181 अधिकारी जवान पदक से सम्मानित होंगे। एडीजी विवेकानंद सिन्हा,एसपी विजय पांडे,एसपी आई के एलेसेला,समेत निरीक्षक,उप निरीक्षक, एएसआई,हवलदार और आरक्षक को केंद्रीय गृह मंत्री का पदक मिलेगा। सबसे अधिक जवान कांकेर नक्सल मुठभेड़ मामले में सम्मानित होंगे। आईजी अमरेश मिश्रा केंद्रीय गृह मंत्री दक्षता पदक से सम्मानित होंगे। आईजी अमरेश मिश्रा को एनआईए में पदस्थापना के दौरान इन्वेस्टिगेशन में उत्कृष्ट कार्य के लिए केंद्रीय गृह मंत्री पदक मिलेगा। छग पुलिस के सब इंस्पेक्टर अजय सिन्हा को भी इन्वेस्टिगेशन में केंद्रीय गृह मंत्री पदक मिलेगा।

हेमंत सोरेन का प्रस्तावक भाजपा में शामिल

रांची,4 नवंबर। झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान में चंद दिन शेष रह गया है। 13 नवंबर को पहले चरण का मतदान होगा। उससे पहले सीएम हेमंत सोरेन का बड़ा झटका लगा है। जेएमएम चीफ के लिए नामांकन के दौरान हेमंत सोरेन के प्रस्तावकों में शामिल रहे मंडल मुर्मू ने बीजेपी का दामन थाम लिया है। जेएमएम और हेमंत सोरेन के लिए इसे बड़ा झटका माना जा रहा है। शहीद सिदो-कान्हू के वंशज मंडल मुर्मू रविवार (3 नवंबर) को बीजेपी में शामिल हो गए। 1855 में अंग्रेजों के खिलाफ हूल क्रांति के सिदो-कान्हू नायक थे। मंडल मुर्मू के पाला बदल लेने से सियासी माहौल बदलने का दावा किया जा रहा है। आज सिद्धो-कान्हू के वंशज और श्री हेमंत सोरेन के प्रस्तावक श्री मंडल मुर्मू जी भाजपा परिवार के सदस्य बन गए। झारखण्ड की वर्तमान सरकार की कुनीतियों के कारण आदिवासी समाज की संस्कृति संकट में है, इसलिए समाज का हर वर्ग आज भाजपा से जुड़ रहा है।

रायपुर लौट रहे मंत्री की कार को बस ने मारी टक्कर

बलौदाबाजार,4 नवंबर। जिले से एक बड़ी खबर सामने आई है। यहां खाद्य मंत्री दयालदास बघेल के काफिले की गाड़ी को बस ने टक्कर मार दी। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। सभी लोग सुरक्षित हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार यह हादसा रविवार की रात सिमगा इलाके में हुआ है। मंत्री दयाल दास बघेल अपने गृह जिले बेमेतरा से रायपुर आ रहे थे। इसी दौरान उनके काफिले की आखिरी गाड़ी को बस ने टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि बस को टोचन के जरिए दूसरे जगह पर ले जाया जा रहा था। इसी दौरान बस का स्टेयरिंग लॉक हो गया और पीछे से आ रही मंत्री के काफिले की लास्ट गाड़ी को ठोकर मार दिए।

रायपुर सेंट्रल जेल के बाहर युवक पर चलाई गई दो गोली, आरोपी फरार

रायपुर 4 नवंबर

राजधानी रायपुर में लगता है अपराधी पूरी तरह से बेलगाम हो गये हैं। रायपुर सेंट्रल जेल के बाहर एक युवक को गोली मारी गयी है। युवक को आंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राजधानी के सबसे व्यस्तम इलाके में हुई इस गोलीबारी से इलाके में सनसनी मच गयी। जानकारी के मुताबिक जिस युवक को गोली मारी गयी है, उसका नाम साहिल खान है।जेल में मुलाकात कर युवक बाहर निकला था। युवक पर अपराधियों ने दो राउंड फायरिंग की है। घायल को अंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह हमला पुरानी रंजिश के चलते किया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि आरोपी का सुराग मिल सके। जानकारी के अनुसार, युवक किसी से मुलाकात करने के लिए जेल गया था। मुलाकात के बाद जब वह बाहर निकला, तभी अज्ञात व्यक्ति ने उस पर ताबड़तोड़ दो गोलियां दाग दीं। गोली लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने फौरन पुलिस को सूचित किया और घायल को अस्पताल पहुंचाया। बताया जाता है कि साहिल पर दो राउंड गोली चलाई गई है। गोली चलाने वाले एक युवक का नाम शाहरुख बताया गया है। शाहरुख व उसके साथी मुंह पर कपड़ा लपेटे हुए थे। घटना को अंजाम देकर ये लोग फरार हो गये। पुलिस के अनुसार देशी कट्टा से गोली चलाई गई है। इस घटना के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है। आरोपियों पकड़ने नाकेबंदी की गई है।

» घायल युवक अस्पताल में भर्ती

उत्तराखंड में बस खाई में गिरी, 36 की मौत

नैनीताल,4 नवंबर। उत्तराखंड से सोमवार की सुबह बेहद ही दर्दनाक खबर सामने आयी हैं। अल्मोड़ा जिले के मरचूला के पास 35-45 यात्रियों को ले जा रही एक बस के गहरी खाई में गिर गयी। और इस हादसे में 36 से ज़्यादा लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा कम से कम पाँच लोग लापता हैं और 10 लोग घायल हो गए हैं। घायलों को ऋषिकेश के एम्स में भेजा गया है। उत्तराखंड के अल्मोड़ा में सोमवार को एक बस के खाई में गिरने से 36 लोगों की मौत हो गई और 19 लोग घायल हो गए। बस में 30 से अधिक लोग सवार थे। यह बस पौड़ी जिले के नैनीडांडा से नैनीताल के रामनगर जा रही थी। पुलिस और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) तथा राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीमें मरचूला के सल्ट इलाके में दुर्घटनास्थल पर हैं और बचाव अभियान जारी है। सूत्रों के अनुसार, बस में क्षमता से अधिक लोगों का सवार होना दुर्घटना का एक कारण हो सकता है। अल्मोड़ा के पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पिंचा ने कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। दुर्घटना के दौरान बस से गिरे यात्रियों ने सुबह करीब 9 बजे अधिकारियों को दुर्घटना की सूचना दी। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये और घायलों को 1-1 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। उन्होंने कुमाऊं मंडल के आयुक्त को घटना की मजिस्ट्रेट जांच करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) को निलंबित करने का भी आदेश दिया है। मुख्यमंत्री ने हिंदी में एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ÷अल्मोड़ा जिले के मरचूला में हुई दुर्भाग्यपूर्ण बस दुर्घटना में यात्रियों के हताहत होने की बहुत दुखद खबर मिली है। जिला प्रशासन को राहत और बचाव कार्य तेजी से चलाने के निर्देश दिए गए हैं।÷ उन्होंने अपनी पोस्ट में कहा, ÷दुर्घटना स्थल पर स्थानीय प्रशासन और एसडीआरएफ की टीमें घायलों को निकालने और उन्हें इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाने के लिए तेजी से काम कर रही हैं। जरूरत

पड़ने पर गंभीर रूप से घायल यात्रियों को एयरलिफ्ट करने के भी निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी मीडिया के सामने आये हैं और कहा, ÷एक बस गहरी खाई में गिर गई, जिससे कई लोगों की जान चली गई। कई लोग घायल हुए हैं, उन्हें तुरंत चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए तुरंत एंबुलेंस की व्यवस्था की जा रही है...सभी अधिकारियों को मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए गए हैं। इस घटना से जुड़े लोगों को निलंबित करने के भी आदेश दिए गए हैं। अगर कोई लापरवाही हुई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। हमारी प्राथमिकता घायलों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है, इसलिए सभी अस्पतालों को इसके लिए निर्देश दिए गए हैं। मुख्य सचिव इसकी निगरानी कर रहे हैं।

मतदान-गणना की निष्पक्षता के लिए पांच को कमीशनिंग

- आयोग अधिकारी-कर्मचारियों को दे रहा प्रशिक्षण
- भाजपा ने मंत्री, विधायक सहित वरिष्ठ नेताओं को मैदान में उतारा

मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 4 नवम्बर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदान और मतों की गणना की निष्पक्षता को देखते हुए अब पांच नवम्बर को मॉकड्रिल मतगणना केंद्र, इंजीनियरिंग कालेज सेजबहार में किया जाएगा। आज ईवीएम का राजनीतिक दलों के अभिकर्ताओं के सामने रेण्डमाइजेशन किया गया। रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए स्थानीय निर्वाचन शाखा द्वारा सभी तैयारियां की जा रही है। निर्वाचन शाखा के अधिकारी के अनुसार भारत निर्वाचन आयोग के सख्त निर्देश है कि राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों के सामने ईवीएम का कमीशनिंग का काम किया जाए ताकि कोई भी आरोप-प्रत्यारोप न लग सके। 23 नवम्बर को मतों की गणना का काम होगा। इसलिए कल 5 नवम्बर को दलों के एजेंटों के सामने कमीशनिंग, मॉकपोल का कार्य किया जाएगा। ज्ञात रहे राजनीतिक दल हार-जीत के पश्चात आयोग पर दोषारोपण करते ही हैं, मशीनों को भी कसूरवार ठहरा देते हैं। इसलिए आयोग पूरी कार्यप्रणाली को निष्पक्षतापूर्वक संचालित कर रहा है। आयोग द्वारा सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किए गए हैं। जी.रेखारानी द्वारा विभिन्न राजनीतिक दलों की शिकवा-शिकायतों को सुना जा रहा है तथा इसके निराकरण का प्रयास किया जा रहा है।

भाजपा का सदर बाजार चुनावी कार्यालय शुरू

भाजपा ने अपना चुनावी अभियान तेज कर दिया है। दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सदर बाजार, मालवीय रोड, गोलबाजार एवं बैजनाथपारा में चुनाव प्रचार तेज करने के लिए आज गुजराती मिष्ठान भण्डार के बाजू चुनावी कार्यालय खोला जा रहा है। यहां पर सदर बाजार भाजपा मण्डल के प्रभारी सहित अन्य नेता उपस्थित रहेंगे। पूर्व कैबिनेट मंत्री अमर अग्रवाल को सदर बाजार का प्रभार सौंपा गया है।

कांग्रेस ने दी घर-घर दस्तक

कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा ने भी घर-घर दस्तक देना शुरू कर दिया है। कांग्रेस की ओर से स्टार प्रचारक नियुक्त कर दिए गए हैं जिसमें सचिन पायलट, भूपेश बघेल सहित चरणदास महंत, दीपक बैज चुनाव प्रचार में जुटेंगे। स्थानीय स्तर पर महापौर व सभापति, कांग्रेस के सभी 11 पार्षदों को कमान सौंपी गई है। आकाश शर्मा अपने युवा साथियों के साथ चुनाव प्रचार में सक्रिय हो गए हैं। ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अलावा सोशल मीडिया का भी प्रचार के लिए उपयोग किया जा रहा है। आयोग द्वारा पुलिस का जत्था भेज दिया गया है। सीआरपीएफ के जवान स्थानीय पुलिस के साथ निरंतर गश्त कर रहे हैं।

पार्षद के भाई की गुंडागर्दी पर पुलिस मौन

रायपुर,4 नवंबर। टिकरापारा थाना क्षेत्र में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और थाना प्रभारी पर कार्रवाई में ढिलाई बरतने के आरोप लग रहे हैं। ताजा मामला संजय नगर का है, जहां वार्ड पार्षद के भाई सददाम अख्तर पर लोगों को धमकाने, गाली-गलौज करने और मारपीट करने के आरोप हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि सददाम अख्तर की आए दिन बदमाशी की शिकायतें थाना में दर्ज कराई जाती हैं, लेकिन पार्षद का भाई होने के चलते उस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। आज देर शाम संजय नगर निवासी मोईन चिश्ती के साथ भी ऐसी ही घटना घटी। मोईन किसी काम से जा रहा था कि अचानक बच्चे के सामने आने से उसकी गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया।

रोड से निकले छड़ के कारण टायर फटा बोलेरो पलटी, तीन की मौत, 4 घायल

पथरिया (मुंगेली),4 नवंबर। रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे पर हुए गड्?ढे और रोड से निकले छड़ के कारण टायर फटने से बोलेरो अनियंत्रित होकर पलट गई. इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई. वहीं चार अन्य लोग घायल हुए हैं, जिनका इलाज बिलासपुर सिम्स में चल रहा. घटना की सूचना मिलते ही सरगांव पुलिस मौके पर पहुंची है और घटना की जांच कर रही. यह घटना किरना सरगांव के पास की है. मिली जानकारी के मुताबिक, रायपुर से बिलासपुर की ओर आ रही बोलेरे रोड के निकले छड़ से सामने की टायर फट गई. इससे बोलेरो अनियंत्रित होकर पलट गई. बोलेरे में कुल 7 लोग सवार थे, जिसमें से 3 की मौत हो गई. वहीं 4 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें सिम्स बिलासपुर में भर्ती कराया गया है.

भाजयुमो नेता को चाकू मारकर लूट

रायपुर,4 नवंबर। राजधानी में बदमाशों के हौसले काफी बुलंद हैं, अपराधी पुलिस से बेखौफ होकर वारदात को अंजाम दे रहे हैं. पिछले चार दिनों में राजधानी में 9 मर्डर हुई है. वहीं एक नवंबर की रात भाजयुमो नेता के साथ चाकूबाजी लूटपाट की घटना हुई है. इस घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है. यह पूरा मामला डीडी नगर थाना क्षेत्र का है. प्रार्थी आकाश तिवारी, जो जांजगीर चांपा के ग्रामीण उपाध्यक्ष है. उसने डीडी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई की एक नवंबर को रात नौ बजे तीन अज्ञात बदमाश स्कूटी में सवार होकर आए और चाकू दिखाकर मोबाइल और पैसा छीनने लगे. इस दौरान आकाश तिवारी के दोस्त प्रशांत पांडे भी ऑफिस के बाहर खड़ा हुआ था. प्रशांत ने इस बात का विरोध किया तो अज्ञात बदमाशों ने लाठी-डंडे और चाकू से उसपर हमला कर दिया. वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी घटनस्थल से आगे स्थित रेस्टोरेंट के पास रुके हुए थे. इस दौरान जिस

बदमाश ने 10 हजार रुपये और मोबाइल लूटा था वह भागने लगा. इसके बाद कुछ दूर जाकर वह आकाश तिवारी और उसके साथी का इंतजार करने लगा. जब वे लोग उसे पकड़ने गए तो आरोपी ने अपने पास रखे चाकू से उनपर हमला कर दिया, इस हमले में प्रशांत और शिवम को चोट आई है. दोनों घायलों को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया. वहीं इस मामले की सूचना डीडी नगर थाना को दी गई है. मामले में पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है.

राज्योत्सव स्थल पर बनेंगे लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस

रायपुर,4 नवंबर। रायपुर का आरटीओ ऑफिस आम जनों की सुविधा के लिए अगले तीन दिन राज्योत्सव स्थल तूता में लर्निंग लाइसेंस बनाएगा। इसके लिए आरटीओ कार्यालय राज्योत्सव स्थल पर सुसज्जित स्टॉल लगा रहा है । यह स्टॉल कृषि विभाग के स्टॉल बाजू में लगेगा। वाहन चलाने के लिए लर्निंग लाइसेंस बनाने वाले ज़रूरी दस्तावेज के साथ स्टॉल में लाइसेंस बनवा सकते है ।

कनाडा में हिंदू मंदिर पर हमला

खालिस्तानी चरमपंथियों ने भक्तों को लाठी-डंडे से दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

नई दिल्ली, 4 नवंबर। एक बार फिर खालिस्तानी चरमपंथियों ने कनाडा में हिंदू मंदिर पर हमला किया है। खालिस्तानी चरमपंथियों ने भक्तों को लाठे-डंडे से दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। मामला कनाडा के ब्रैम्पटन में स्थित हिंदू सभा मंदिर की है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने इस घटना की निंदा की है। उन्होंने कहा कि ब्रैम्पटन के हिंदू सभा मंदिर में हुई हिंसा की घटनाएं अस्वीकार्य है। बता दें कि कनाडा हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ और हमले की यह कोई पहली घटना नहीं है। कनाडा में 2022 के बाद से लगभग 20 से अधिक हिंदू मंदिरों को इसी तरह से निशाना बनाया गया है। कनाडा की लॉ एंफोर्समेंट एजेंसियां अभी तक इन घटनाओं के पीछे के लोगों की पहचान नहीं कर सकी हैं। हिंदू फोरम कनाडा ने एक्स पर यह वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा, 'बहुत परेशान करने वाली तस्वीरें. खालिस्तानियों ने ब्रैम्पटन के हिंदू सभा मंदिर में श्रद्धालुओं पर हमला किया है। यह अस्वीकार्य है। एचएफसी ने अपने इस पोस्ट में ब्रैम्पटन के मेयर पैट्रिक ब्राउन, स्थानीय पुलिस, ओंटारियो केप्रीमियर डग फोर्ड और प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को टैग भी किया। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए पर एक पोस्ट में लिखा, 'ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर में हुई हिंसा की घटनाएं अस्वीकार्य हैं। प्रत्येक कनाडाई को अपने धर्म और आस्था का स्वतंत्र रूप से और सुरक्षित रूप से पालन करने का अधिकार है। घटनास्थल पर लोगों की सुरक्षा और इस वारदात की जांच के लिए त्वरित प्रतिक्रिया देने के लिए मैं पील रीजनल पुलिस का धन्यवाद करता हूं।

प्रेम-प्रसंग के चलते युवक की हत्या

बिलासपुर, 4 नवंबर। जिले में थाना पचपेड़ी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चिल्हाटी में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव की पहचान कसडोल थाना क्षेत्र निवासी टीकाराम केवट के रूप में की गई। पुलिस ने जांच के दौरान मृतक के परिजनों से पूछताछ की तब यह जानकारी सामने आई कि टीकाराम का प्रेम संबंध गाँव की युवती गीता यादव से था। 2 नवंबर 2024 को वह अपने मित्र दीपक वर्मा के साथ दोपहर 12 बजे घर से बाइक पर निकला था। पुलिस के मुताबिक लड़की के परिजन टीकाराम और गीता के संबंधों से नाराज थे, जिस कारण उन्होंने गीता को अपने रिश्तेदार भागवत यादव के घर डीगोरा भेज दिया था। टीकाराम और दीपक जब गीता से मिलने डीगोरा पहुँचे, तो भागवत यादव ने उन्हें देख लिया और अपने घर बुला लिया। वहां से भागवत ने गीता के पिता सुखी राम यादव को सूचना दी, जिसके बाद सुखी राम अपने बेटे भोजराम यादव, गौरी शंकर यादव और रिश्तेदार ललित यादव व राहुल यादव के साथ ललित की गाड़ी में सवार होकर भागवत के घर पहुंचे। वहाँ उन्होंने दीपक और टीकाराम के हाथ बांधकर दोनों को तूफान वाहन में बैठाया और चिल्हाटी के जंगल में ले गए। जंगल में ले जाकर आरोपियों ने दोनों के साथ हाथ, मुक्के और डंडों से मारपीट शुरू कर दी। मौका पाकर दीपक वहाँ से भाग निकला, लेकिन टीकाराम के साथ मारपीट जारी रहा। आरोपियों ने टीकाराम का गला रस्सी से घोंटकर उसकी हत्या कर दी।

रायपुर रेलवे स्टेशन में बम मिलने की सूचना से हड़कंप

रायपुर,4 नवंबर। रेलवे स्टेशन पर दीवाली और छठ पूजा के चलते यात्रियों की भारी भीड़ जमा हो गई, जिससे भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई. इस बीच सारनाथ एक्सप्रेस में बम मिलने की सूचना के बाद यात्रियों को उतारा गया. स्टेशन पर सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए जीआरपी, आरपीएफ और सिविल डिफेंस की बड़ी संख्या में मौजूद है. आज रायपुर रेल्वे स्टेशन में मॉकड्रील किया गया. इस दौरान करीब 50 से अधिक अधिकारी मौके पर तैनात थे, जिन्होंने स्थिति को नियंत्रित करने में मदद की. यात्रियों की सुरक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाए गए और घायलों को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान की गई. स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश दिए गए हैं. यात्रियों से अपील की गई है कि वे यात्रा करते समय सतर्क रहें और आपातकालीन स्थितियों में धैर्य बनाए रखें.

क्रिकेट : भारत-न्यूजीलैंड टेस्ट श्रृंखला, भारतीय टीम की 0-3 से अकल्पनीय असफलता

jasclaudius@gmail.com

पराजय को भूलें, कहिये जीतेंगे बाजी हम

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

मेहमान टीम के विरुद्ध भारत की तीनों टेस्ट में हार ने क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ-साथ भारतीयों को निराश किया है। खेल में जय या पराजय एक पहलू के दो सिक्के हैं। जब तक कोई टीम हारेगी नहीं तो दूसरी टीम को जीत कैसे मिलेगी? इसलिए कहा जाता है कि खेल में कभी न कभी पराजित होना पड़ता है। यह अलग बात है कि भले ही खिलाड़ियों ने इस अप्रत्याशित नाकामयाबी पर खुलकर प्रतिक्रिया नहीं दी है लेकिन इस परिणाम से जनमानस विशेषकर युवाओं को गहरा सदमा पहुंचा है। खेलों की दुनिया में ऐसा अवसर इसके पहले कई बार आ चुका है। 1971 के बाद फुटबाल, 1982 के बाद हॉकी में भारतीय टीमों के अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रदर्शन ने इन दोनों खेलों के प्रति लगाव को कम कर दिया था। 1971 के बाद भारतीय फुटबाल टीम ने कोई चमक नहीं दिखाई इसलिए भारतीय पुरुष फुटबाल की वरीयता अब 124वीं हो गई है। दूसरी तरफ हाकी के खिलाड़ियों ने अपनी खोई हुई प्रसिद्धि को वापस प्राप्त करने के लिए पूरी ताकत लगा दी और (भारत) रायपुर में सम्पन्न वर्ल्ड हाकी लीग 2014-15 में कांस्य पदक जीता फिर 2020, 2024 के ओलंपिक खेलों में तीसरा स्थान प्राप्त किया। फिलहाल भारत में हाकी की विश्व वरीयता 13 अगस्त 2024 को विश्व में 5वीं है। देखा जाए हाकी के कमबैक को भले ही मीडिया में कम कवरेज मिला लेकिन हमारे पुरुष खिलाड़ियों की टीम ने इस खेल के साथ न्याय किया। 1983 से मृतप्राय हो चुकी हाकी को हाकी इंडिया, खेल प्रशासकों, प्रशिक्षकों, केंद्र सरकार, ओडिशा राज्य सरकार, भारतीय खेल प्राधिकरण के अधिकारियों ने हर संभव मदद करके फिर से मुकाबले में खड़ा कर दिया है। इसमें हमारे खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर में कड़ी मेहनत, समर्पण और पसीना बहाना शामिल है। न्यूजीलैंड के विरुद्ध मिली असफलता से क्रिकेट प्रेमियों को निराश नहीं होना चाहिए। खेलकूद के सफर में ऐसे उतार-चढ़ाव आते रहते हैं लेकिन यह समय भारतीय क्रिकेट के भविष्य को लेकर चुनौती भरा है। क्रिकेट के तीन प्रारूप हैं जिनमें पांच दिवसीय मैच, दूसरा 50-50 ओवर के एक दिवसीय मैच तथा तीसरा टी-20 मुकाबला है। विश्व टेस्ट रैंकिंग में भारत दूसरे, एक दिवसीय में प्रथम जबकि टी-20 में पहले स्थान पर है। क्रिकेट के समर्थकों को हमारी टीम का हौसला बुलंद करके रखना चाहिए। अभी सब कुछ खोया नहीं गया है। क्रिकेटप्रेमियों के मन को यह बात सता रही है कि हमारी टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप से बाहर तो नहीं हो जाएगी? फिलहाल भारत को आगामी 22 नवम्बर से 7 जनवरी 2025 तक आस्ट्रेलिया का दौरा करना है जिसमें उन्हें मेहमान टीम के विरुद्ध 5 टेस्ट में भाग लेना है। न्यूजीलैंड के हाथों 3-0 की करारी पराजय के कारण अब विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फायनल में जगह बनाने के लिए भारतीय क्रिकेट टीम को एड़ी-चोटी का जोर लगाकर पांच में से चार टेस्ट मैंच जीतना आवश्यक हो गया है। फिलहाल आस्ट्रेलियाई टीम ने 62.5 विजय के साथ फायनल में जगह बना ली है जबकि क्रमशः भारत 58.33, श्रीलंका 55.56, न्यूजीलैंड 54.55 तथा दक्षिण अफ्रीका 54.17 जीत के साथ दूसरे स्थान को प्राप्त करने के लिए जोर आजमाईश करेंगे। भारतीय टीम के साथ प्रबंधन, बीसीसीआई और क्रिकेटप्रेमी इसी वजह से बेहद तनाव में हैं। याने भारत को तीसरे टेस्ट विश्वकप चैंपियनशिप (2024-25) के फायनल में जगह बनाने के लिए न सिर्फ आस्ट्रेलिया के विरुद्ध शानदार प्रदर्शन करना होगा बल्कि दूसरे दावेदारों के जय-पराजय पर भी नजर रखना होगा। चूंकि इसके पहले 2019-21 तथा 2021-23 के पिछले दो विश्व टेस्ट स्पर्धा में भारत फायनल में पहुंचकर न्यूजीलैंड व आस्ट्रेलिया से पटखनी खा चुका है अतः भारतीय क्रिकेट टीम को अपनी आस्ट्रेलियाई दौरे को पूरी गंभीरता से लेना चाहिए। न्यूजीलैंड के हाथों बुरी तरह मात खाने के बाद भारतीय क्रिकेट प्रेमियों में जो निराशा छाई हुई है उसकी वजह इस पीढ़ी के युवाओं का अन्य खेलों में हार-जीत का स्वाद न चख पाना है। अतः सकारात्मक उम्मीद के साथ भारतीय टीम को आस्ट्रेलिया रवाना करना चाहिए कि परिस्थिति भले ही विपरीत है लेकिन जीतेंगे बाजी हम।

एक नजर

पूर्व जिपं अध्यक्ष रघुराज ठाकुर ने जगद्गुरु शंकराचार्य की चरण पादुका पूजन किया

कवर्धा,4 नवंबर। जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती 1008 की चरण पादुका पूजन पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रघुराज सिंह ठाकुर ओर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती चेतना सिंह ठाकुर सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं द्वारा की गई । सैकड़ों श्रद्धालु पूजा एवं आरती में शामिल होकर शंकराचार्य से आशीर्वाद प्राप्त किया ।

चाकू से हमला करने वाले गिरफ्तार

भिलाई, 4 नवंबर। भिलाई धारदार चाकू से हमला करने वाले दो आरोपियों को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से धारदार चाकू बरामद कर लिया है सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि मोहम्मद शहबाज निवासी नेहरू भवन रोड ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह 2 नवंबर को सुबह टहल रहा था उसी समय दिलबाग सिंह उर्फ टिकली एवं उसका दोस्त पास आये और दोनों मिलकर गाली गलौज कर मारपीट की। प्रार्थी वहां से भागने लगा तो धारदार चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया प्रार्थी का दोस्त बीच बचाव करने आया तो उसे भी चाकू से पीठ में वार कर दिया प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान आरोपी दिलबाग सिंह उर्फ टिकली एवं राहुल गौतम को सुपेला से घेराबंदी कर पकड़ा गया आरोपियों से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया।

शराब पीने से मना किया तो आग लगा दी

भिलाई, 4 नवंबर। भिलाई उतई थाना क्षेत्र ग्राम पतोरा निवासी तरुण श्रीवास ने अपने ही घर में आग लगा दी आरोपित शराब पीने का आदी है उसने मां से शराब पीने के लिए रुपयों की मांग की मना करने पर नाराज होकर उसने घर में आग लगा दी घटना में घर पूरी तरह से जल गया है उतई थाने पुलिस ने लक्ष्मी श्रीवास की शिकायत पर उसके बड़े बेटे तरुण श्रीवास के खिलाफ आगजनी का मामला दर्ज किया गया है उतई पुलिस ने बताया कि पीड़िता लक्ष्मी अपने घर पर थी तभी शाम को करीब सात बजे बेटा तरुण शराब के नशे में घर पहुंचा। उसने मां से शराब पीने के लिए रुपये मांगे पीड़िता ने रुपये न होने की बात कहकर मना कर दिया इसके बाद पीड़िता मायके ग्राम अकलोरडीह चली गई तभी आरोपित ने घर में आग लगा दी रात में पीड़िता के छोटे बेटे लोकनाथ श्रीवास ने फोन कर जानकारी दी कि बड़े भाई ने घर में आग लगा दी है इस पर पीड़िता घर पहुंची और पड़ोसियों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया वहीं सूचना पर नगर सेना की फायर ब्रिगेड ने पहुंचकर आग को बुझाया। घटना में करीब तीन लाख रुपये का सामान जलकर खाक हो गया है आरोपित बेटा फरार है पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

मोबाइल चोरी कर खाते से पैसे निकाले

भिलाई, 4 नवंबर। साकेत कालोनी एसएएफ लाइन कातुलबोड़ निवासी बिजली कंपनी के कार्यपालन अभियंता छोटूराम चंद्रवंशी ठगी का शिकार हो गए वे 29 अक्टूबर की शाम को पावर हाउस सब्जी मार्केट में खरीदारी के लिए गए थे इसी दौरान उनका मोबाइल मार्केट में गुम हो गया इसके बाद उन्होंने अपने दोनों मोबाइल नंबर के नए सिम जारी कराए और मोबाइल में लगाकर सभी एप्स को एक्टिवेट किया। उन्होंने एक नवंबर को यूपीआइ की मदद से अपने खाते की जांच की तो उसमें एक लाख 39 हजार 965 रुपये निकालने की जानकारी मिली।

एसईसीएल की तीनों खदानों से प्रतिदिन 25,000 लीटर डीजल की हो रही चोरी

कोरबा, 4 नवंबर । जिले में प्रतिदिन हजारों लीटर डीजल की चोरी हो रही है। इस अवैध कारोबार का टर्नओवर करोड़ों में है। कोयला की खदानों में नवीन गैंग नामक एक संगठित समूह इस अवैध कारोबार को ऑपरेट कर रहा है, जिसका मुख्य सरगना नवीन है। इस गैंग में संदीप, कुनाल, आकाश, राजा, विशाल और देवा नामक लोग भी शामिल हैं।सूत्रों के अनुसार, जिले के कुसमुंडा कोयला खदान से प्रतिदिन लगभग 5000 लीटर, तो दीपका और गेवरा से लगभग 10,000 लीटर डीजल की चोरी हो रही है। तीनों खदानों से प्रतिदिन लगभग 25,000 लीटर डीजल की चोरी होती है, जिसकी कीमत खुले बाजार में लगभग 12 लाख रुपये है। चोरी का डीजल बड़े ट्रांसपोर्टरों और पेट्रोल टंकियों को बेचा जाता है, जो इसे 80 से 90 रुपये की कीमत पर, बाजार भाव से 10 से 20 रुपये कम दाम में खरीदते हैं। इस अवैध कारोबार में एस ई सी एल के कर्मचारियों की मिली भगत और उच्च प्रबन्धन की जानते हुए भी अनदेखी की खबरें भी चर्चा में है।

पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री और उपमुख्यमंत्री शर्मा बालाजी सरकार मंदिर के भूमिपूजन में हुए शामिल

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 4 नवंबर। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज और प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्राम रामहेपुर में बालाजी सरकार के भव्य मंदिर निर्माण के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर विधि विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंदिर का भूमिपूजन कर आधारशिला रखी गई। कार्यक्रम से पहले, पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज का उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और जिले के नागरिकों ने पुलिस लाइन हेलीपैड में भव्य स्वागत किया, जहां उन्होंने अपने आशीर्वाद से उपस्थित श्रद्धालुओं का हृदय से अभिवादन किया। भूमिपूजन के बाद, पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज ने हजारों श्रद्धालुओं और नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ भगवान राम का ननिहाल है और इस भूमि के प्रति हम सभी ऋणी हैं। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि जब वह पहली बार रायपुर आए थे, तो यहीं से उन्हें क्रांतिमई विचार मिला था। यह स्थल उनके लिए विशेष महत्व रखता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे इस आध्यात्मिक धरोहर को संजोएं और इसे आगे बढ़ाएं। पंडित महाराज ने कहा कि छत्तीसगढ़ न केवल एक भौगोलिक स्थल है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने यह भी बताया कि यह मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं होगा, बल्कि एक आध्यात्मिक केंद्र के रूप में कार्य करेगा, जो समाज में एकता, प्रेम और सद्भाव का संदेश फैलाएगा। उनके विचारों ने उपस्थित जनसमूह में गहरी प्रेरणा और श्रद्धा का संचार किया।

बीएसपी कर्मियों के समान छुट्टी के मामले पर 28 को आरएलसी के समक्ष सुनवाई

भिलाई, 4 नवंबर। बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने सेल के दूसरे यूनिटो के मुकाबले कम छुट्टी पर आरएलसी रायपुर के समक्ष मामला दर्ज कराया था । जिस पर आरएलसी रायपुर ने 25 सितंबर को सुनवाई किया था । उसमें उन्होंने बीएसपी प्रबंधन से जवाब माँगा है । गौर तलब है कि सेल के दूसरे यूनिटो तथा सेल अधिकारी वर्ग के मुकाबले बीएसपी कर्मचारियों को काफी कम छुट्टी दिया गया है । सेल सीएमओ के कर्मचारियों को 15 सीएल, 7 आरएच /एफएल, 30 ईल सहित अन्य पर्व त्योहारों पर भी छुट्टी दिया जाता है , जबकि भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों को केवल 7 सीएल, 22–24 ईएल तथा मात्र 5 आरएच ही दिया जाता है । जिसके कारण बीएसपी कर्मचारी भेदभाव के शिकार है । इसी को आधार बनाकर बीएकेएस यूनियन ने समान छूट्टी के लिए औद्योगिक विवाद दायर किया है । वहीं सेल अधिकारी वर्ग को 30 ईएल ,15 सीएल , 7 आर एच सहित सभी प्रमुख त्योहारों पर बंद छुट्टियों का लाभ दिया जाता है जबकि सेल कर्मचारियों को अलग अलग स्टैण्डिंग ऑर्डर के नाम पर अलग-अलग यूनिटो में , अलग अलग छुट्टियां दी जा रही है । बीएकेएस के उप महासचिव नवीन ध्रुव ने कहा है कि वर्षों से स्टैण्डिंग ऑर्डर का संशोधन नही होने के कारण बीएसपी कर्मियों को संयंत्र स्थापना काल का ही सुविधा दिया जा रहा है ।बीएसपी कर्मियों के हितों की रक्षा का ध्यान रखते हुए , वर्तमान में स्टैण्डिंग ऑर्डर का संशोधन जरूरी है ताकि सुविधाओं को वर्तमान हिसाब से संशोधित कराया जा सके ।

ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र ने दीपावली मनाई

कोरबा, 4 नवंबर । प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवाकेंद्र द्वारा विश्व सदभावना भवन टी.पी नगर कोरबा मे बड़े ही हर्षोल्लास के साथ दिवाली मनाई गयी। इस अवसर पर नगर निगम कोरबा के महापौर भ्राता राजकिशोर प्रसाद, सी. ?म. एच. ओ कोरबा भ्राता डॉ. एस.एन. केशरी, नगर निगम कोरबा के पूर्व सभापति भ्राता अशोक चावलानी जी, जवाहर नवोदय विद्यालय कोरबा की अध्यापिका बहन शांति मोहंती, बी. के रुक्मणी दीदी, बी. के. बिंदु दीदी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सुरुआत अतिथियो द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।इस अवसर पर महापौर ने भी सभी को दिवाली की बधाई एवं शुभकामनाये देते हुए कहा की हमे लक्ष्मी नारायण जैसे समृद्ध बनना है और अपने अन्दर के भूतो को निकलना है। डॉ. केशरी जी ने कहा की ज्ञान के द्वारा हम सभी को संतुष्टि दे सकते है।

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना पर 5 नवंबर को कवर्धा में भव्य राज्योत्सव का होगा आयोजन

कवर्धा, 4 नववंबर। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 5 नवंबर 2024 को जिले में कवर्धा के आचार्य पंथ श्री गृथमुनि नाम साहेब शासकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय में भव्य राज्योत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ बिलासपुर के विधायक अमर अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में करेंगे। कार्यक्रम में विधायक पण्डरिया श्रीमती भावना बोहरा, जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती सुशीला रामकुमार भट्ट, जनपद पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती इन्द्राणी चन्द्रवंशी और नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष मनहरण कौशिक विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर जिला स्तरीय एक दिवसीय राज्योत्सव की तैयारियां शुरू हो गई है। राज्योत्सव के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य की विभिन्न शासकीय योजनाओं और

उपलब्धियों की जानकारी देने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल भी लगाए जाएंगे, जिनसे लोगों को राज्य की योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी प्राप्त होगी। कार्यक्रम का आयोजन शाम 5:30 बजे से रात 11:30 बजे तक होगा, जिसमें छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और लोक कलाओं का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। कार्यक्रम की शुरुआत शाम 5:30 बजे जिला कबीरधाम के स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक नृत्य से होगी, जो कि 6:00 बजे तक चलेगा। इसके बाद 6:00 से 6:20 तक क्लासिकल म्युजिकल्स कवर्धा के अंतर्गत श्री तुलेश्वर शर्मा द्वारा सुनहरी यादें की प्रस्तुति दी जाएगी, जिसमें शास्त्रीय संगीत की महक दर्शकों तक पहुंचेगी। 6:20 से 6:40 बजे छत्तीसगढ़ी लोकसंगीत का कार्यक्रम श्री रजऊ साहू और उनके साथी द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें छत्तीसगढ़ की लोकधुनों की मिठास दर्शकों को सुनाई देगी। शाम 6:40 बजे मुख्य अतिथि श्री अमर अग्रवाल के मंचीय कार्यक्रम की शुरुआत होगी, जिसमें वे उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे और राज्योत्सव की शुभकामनाएं देंगे। 7:30 से 8:30 बजे सुरता के आंसू नामक लोक कला मंच का कार्यक्रम होगा, जिसमें नेवारी से आए कलाकार योगेन्द्र दास मानिकपुरी और उनके साथी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। रात 8:30 से 9:30 बजे खैरागढ़ के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी, जिसमें विभिन्न रंग-बिरंगी प्रस्तुतियाँ होंगी जो दर्शकों का मन मोह लेंगी। कार्यक्रम का समापन रात 9:30 से 11:30 बजे तक चलेगा, जिसमें प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी लोकगायक पद्म अनुज शर्मा का विशेष लोकसंगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। अनुज शर्मा अपनी सुरमयी आवाज़ में छत्तीसगढ़ी गीतों की मिठास से समां बांधेंगे और राज्योत्सव की रौनक को और भी बढ़ाएंगे। इस आयोजन के माध्यम से छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत, लोककलाओं और विविध परंपराओं का प्रदर्शन होगा, जो स्थानीय निवासियों के साथ-साथ बाहर से आए दर्शकों को भी आकर्षित करेगा।

कवर्धा, 4 नववंबर। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रघुराज सिंह ठाकुर ने विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमण सिंह और श्रीमती वीणा सिंह का आत्मीय स्वागत किया ।

साजा। आखिर साजा में हेलमेट क्यों नहीं पहनते है लोग

प्रथम मेट्रोपॉलिटन एवं संस्थापक स्टेफनोस मार थियोडोसियस का स्मरणोत्सव शुरू

भिलाई, 4 नवंबर। चेन्नई और कलकत्ता डायोसिस के प्रथम मेट्रोपोलिटन और सेंट थॉमस मिशन भिलाई के संस्थापक निदेशक स्वर्गीय डॉ. स्टेफनोस मार थियोडोसियस का 17वां स्मरणोत्सव का शुभारंभ रविवार 3 नवंबर को सेंट थॉमस मिशन चैपल, कैलाश नगर में धूमधाम से शुरू हुआ। यह स्मरणोत्सव 3 नवंबर तक चलेगा। पॉलीकार्पोस एच. जी. युहानोन ने मुख्य समारोहकर्ता अंकमाली डायोसिस के मेट्रोपोलिटन मार होंगे। सेंट थॉमस मिशन, भिलाई की 52वीं वर्षगांठ 5 नवंबर को सुबह 11 बजे से मनाई जाएगी। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ 27 अक्टूबर से हो चुकी है। जबकि आज

3 नवंबर को सुबह 7 बजे पुण्य आत्मा के लिए प्रार्थना की गई। 4 नवंबर को सुबह 7 बजे कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना के साथ होगी शाम 6 बजे संध्या प्रार्थना सेंट थॉमस आश्रम कालीबाड़ी चौक में की जाएगी। रात्रि 7:45 बजे के लगभग मुख्य प्रवक्ता मिशन के सचिव एवं एडवोकेट बीजू ओमान भाषण दिया जाएगा। 5 नवंबर को मिशन दिवस समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में प्रार्थना, प्रसाद और के लिए सभी नागरिकों से एलेक्सियोस मार यूसेबियस कोलकाता डायोसिस के बिशप सेंट थॉमस मिशन के निर्देशक फादर जैकब थॉमस सचिव, कलकता डायोसिस, फादर स्टेगिन जॉन मैथ्यूसचिव सेंट थॉमस मिशन, भिलाई ने उपस्थित होने की अपील की है।

अग्रवाल संगठन की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण 8 को रायपुर में

कोरबा,4 नवंबर । छ.ग. प्रांतीय अग्रवाल संगठन (सम्मेलन) के नवगठित कार्यकारिणी का भव्य शपथ ग्रहण समारोह दिनॉक 8 नवम्बर 2024 दिन शुक्रवार को रायपुर के एस. एन. पैलेस मे सम्पन्न होगा।उक्ताशय की जानकारी संगठन के नवनिर्वाचित प्रांतीय चेयरमेन एवं कोरबा के प्रसिद्व व्यवसायी एवं सामाजिक, धार्मिक कार्यकर्ता अशोक मोदी ने दी एवं बताया कि छ.ग. प्रांतीय अग्रवाल संगठन देश का एक ऐसा संगठन है जिसके द्वारा किये जाने वाला सेवा कार्य (जैसे स्कूल, कालेज, पानी प्याऊ, वृद्वाश्रम, अनाथाश्रम, मंदिर, धर्मशाला का निर्माण इत्यादि) पूरे देश भर में प्रसिद्व है। अशोक मोदी ने बताया कि इस संगठन का कार्यकाल 3 वर्षों के लिये होता है एवं संगठन ने इस वर्ष (सत्र 2024 -2027) के प्रांतीय चेयरमेन पद हेतु उन्हे एवं प्रांतीय अध्यक्ष पद हेतु रायपुर के डॉ. अशोक अग्रवाल को सर्वसम्मति से निर्वाचित किया है ।

साजा। थाना खम्हरिया पुलिस थाना में दिखी बेहतर स्वच्छता

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन पर विभिन्न स्पर्धाओं के विजेता सम्मानित

भिलाई, 3 नवंबर। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सतर्कता विभाग द्वारा, सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2024 के समापन समारोह का आयोजन 2 नवंबर को महात्मा गांधी कला मंदिर में किया गया। समारोह में सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2024 के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं और निर्णायकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक डॉ अशोक कुमार पंडा, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक बी के गिरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविन्द्रनाथ, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक के सी मिश्रा, सेफी चेयरमेन तथा ओए-बीएसपी के अध्यक्ष एन के बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह, महाप्रबंधक एवं एसीवीओ सत्यब्रत कर सहित संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी, मुख्य महाप्रबंधक तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे। इसके साथ-साथ पुरस्कार विजेता स्कूल और कॉलेज के छात्र व विभिन्न कार्यक्रमों के प्रतिभागी भी मौजूद थे। समारोह की शुरुआत बीएसपी स्कूलों के स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत के साथ किया गया तथा अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। इसके बाद समारोह का शुभारम्भ उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा, सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया गया। महाप्रबंधक एवं एसीवीओ सत्यब्रत कर द्वारा स्वागत भाषण दिया और सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2024 के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डाला। कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार ने अपने संबोधन में सतर्कता विभाग और बीएसपी बिरादरी को सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2024 पर आधारित विभिन्न आंतरिक गतिविधियों और प्रतियोगिताओं के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए बधाई दी। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखने के लिए मूल्यों और मार्गदर्शक सिद्धांतों को और भी सुदृढ़ करने के उद्देष्य से समय-समय पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करता है। हमने हर संभव स्तर पर भ्रष्टाचार की जांच और नियंत्रण के लिए विभिन्न आईटी उपकरणों व तकनीकों का भी सहारा लिया है। हमें हमेशा हर स्थान पर सतर्क और चौकस रहना चाहिए। इस वर्ष के सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2024 की थीम सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि विषय पर जागरूकता बढ़ाने के लिए कठपुतली शो का आयोजन किया गया, जिसमें डिजिटल अरेस्ट सहित समाज में विभिन्न स्तरों पर भ्रष्टाचार की कुरीतियों और उन्हें रोकने के उपायों को प्रदर्षित किया गया। विभिन्न कार्यक्रमों व प्रतियोगिताओं की झलकियों पर एक लघु फिल्म का भी प्रदर्षन किया गया। सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-7 में आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता के विजेता छात्रों ने अपनी प्रस्तुति दी। इसके बाद सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2024 के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। विभास उपाध्याय, श्रीमती अनीता उपाध्याय और उनकी टीम को कठपुतली शो प्रदर्शन के लिए उपस्थित अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया, साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं के संबंधित निर्णायकों और बीएसपी स्कूलों के एथिक्स क्लब के छात्रों को सुनीति उद्यान, सेक्टर-8 में नैतिकता के बारह स्मारकों पर अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए सम्मानित किया गया। महाप्रबंधक संदीप गुप्ता द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा संचालन सहायक महाप्रबंधक मो. नौशाद आलम द्वारा किया गया था।

पाली क्षेत्र में लोमड़ी के हमले से 6 ग्रामीण घायल

कोरबा,4 नवंबर। जिलान्तर्गत विकासखंड पाली के ग्राम बतरा और ग्राम पोड़ी में लोमड़ी ने 6 लोगों पर हमला कर दिया। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया है। इस घटना से ग्रामवासियो में दहशत व्याप्त हैं। क्षेत्र में लोमड़ी के हमले से ग्रामीणों में वन विभाग को लेकर नाराजगी भी जाहिर की है।ग्रामीणों का कहना है कि विभाग उत्पाती लोमड़ी को पकड़ नहीं पा रहा है। बताया जाता है कि लोमड़ी ने चार बच्चों के साथ ही एक महिला और बुजुर्ग पर हमला कर दिया। काटने से सभी 6 लोग घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली में भर्ती कराया गया है। पोड़ी निवासी गीता बाई जंगल की ओर गई थी। इसी दौरान लोमड़ी ने हमला कर घायल कर दिया। वहीं नगराहीपारा से 3 लोगों में एक बुजुर्ग व दो बच्चे शामिल हैं। इसमें योगेश कुमार राज (11)वर्ष, अंश वीर मरावी (11)वर्ष व बुजुर्ग लाला राम मरावी (75)वर्ष शामिल हैं। सोनसरी निवासी राजेंद्र कुमार टेकाम (13)वर्ष व रितु कुमारी (11) वर्ष को गांव से लगे नदी किनारे लोमड़ी ने हमला कर घायल कर दिया। घायलों को पाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। ग्राम बतरा सरपंच रामायण देवी खुसरो ने पाली वन परिक्षेत्र अधिकारी संजय लकड़ा को इसकी जानकारी दी।वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने बताया कि लोमड़ी जंगल में जा घुसा है। वन विभाग ने आसपास के गांवों में मुनादी कराकर लोगों को सतर्क किया है। लोमड़ी पागल हो गई है। जिसकी वजह से अलग-अलग स्थानों पर हमला कर रहा है। विभाग की ओर से घायलों को 500 रुपए तात्कालिक सहायता राशि दी गई हैं।

एक दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन सिटी ग्राउंड जगदलपुर में

जगदलपुर 4 नवम्बर । छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के तहत 05 नवम्बर को एक दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन सिटी ग्राउण्ड जगदलपुर में किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष एवं विधायक कोण्डागांव सुश्री लता उसेण्डी रहेंगी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास, सहकारिता एवं संसदीय कार्य विभाग श्री केदार कश्यप होंगे। राज्योत्सव कार्यक्रम सांसद बस्तर श्री महेश कश्यप, विधायक जगदलपुर श्री किरण सिंह देव, विधायक चित्रकोट श्री विनायक गोयल, विधायक बस्तर श्री लखेश्वर बघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप, महापौर जगदलपुर श्रीमती सफिरा साहू के आतिथ्य में आयोजित किया जा रहा है। उक्त राज्योत्सव कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन साथ-साथ विभागीय स्टाल भी लगाए जा रहें हैं।

पद्मश्री गोविन्दराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में राज्योत्सव का आयोजन 5 नवम्बर को

- मुख्य अतिथि होंगे विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह,प्रख्यात प्लेबैक सिंगर ऐश्वर्या पंडित के सुमधुर गीत एवं प्रभंजय चतुर्वेदी के भजन होंगे कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण

राजनांदगांव 4 नवम्बर ■ तरुण छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 5 नवम्बर 2024 को जिला मुख्यालय के पद्मश्री गोविन्दराम निर्मलकर ऑडिटोरियम गौरव पथ राजनांदगांव में राज्योत्सव का भव्य आयोजन होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद श्री संतोष पाण्डेय करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक डोंगरगांव श्री दलेश्वर साहू, विधायक खुज्जी श्री भोलाराम साहू, विधायक डोंगरगढ़ श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री विक्रांत सिंह, अध्यक्ष जनपद पंचायत राजनांदगांव श्रीमती प्रतिक्षा सूर्यकान्त भंडारी, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित श्री सचिन बघेल एवं समाज सेवी श्री रमेश पटेल उपस्थित रहेंगे।

जिला स्तरीय राज्योत्सव अंतर्गत विभिन्न विकास विभाग की विभागीय महत्वपूर्ण योजनाओं एवं सफल योजनाओं की प्रदर्शनी पूर्वान्ह 11 बजे तथा स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति अपरान्ह 2 बजे शुरू होगी। मुख्य कार्यक्रम अंतर्गत शाम 6 बजे दीप प्रज्जवलन तथा शाम 6.1 बजे से शाम 6.30 बजे तक अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन होगा। शाम 6.30 बजे से रात्रि 10 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। जिसमें संगीत शिल्पी श्रीमती बाबी मंडल द्वारा भजन व छत्तीसगढ़ी गीत, श्री प्रभंजय चतुर्वेदी द्वारा भजन, प्लेबैक सिंगर सुश्री ऐश्वर्या पंडित द्वारा हिन्दी गायन तथा श्री शरद श्रीवास्तव द्वारा संगीतमयी कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ की बेटी बॉलीवुड की प्रख्यात प्लेबैक सिंगर ऐश्वर्य पंडित वर्ष 2015 में इंडिया गोट टैलेंट की गोल्डन बजर विजेता रही हैं। वर्ष 2016 में भारत की शान कार्यक्रम की ग्रैंड फाइनलिस्ट रहीं हैं। वर्ष 2018 इंडियन आइडल की फाइनलिस्ट रही हैं। सारे गा मा पा कार्यक्रम में स्वर्ण पदक विजेता रही हैं। उन्होंने फिल्म द पावर, कुटुम्ब, परमाणु एवं कई सीरियल में प्लेबैक सिंगर के रूप में गायन के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाई है। ऐश्वर्या पंडित ने अमेरिका, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, पाकिस्तान, दुबई, टर्की, इस्ताम्बुल एवं अन्य देशों में भी अपनी गायन प्रतिभा से देश का नाम रोशन किया है। सुप्रसिद्ध भजन एवं गजल गायक श्री प्रभंजय चतुर्वेदी देश के ख्यातिप्राप्त भजन सम्राट पद्मश्री अनूप जलोटा के शिष्य हैं। मैराथन भजन गायन के लिए उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है। वे रेडियो एवं टीवी कलाकार भी हैं।

एक नजर

दामाखेड़ा में उदितमुनि नाम साहेब की हत्या की कोशिश निंदनीय:हारुन मानिकपुरी

छूरिया ,4 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)। शांति के प्रखर संत मनखे मनखे एक समान की अलख जगाने वाले कबीर साहेब के धर्म स्थली एवं कबीरपंथ के सोलहवें वंश प्रतापाचार्य पंथ श्री उदितमुनि नाम साहब की हत्या के उद्देश्य से कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा, छत्तीसगढ़ आश्रम में सुनियोजित तरीके से किए गए हमले अत्यंत ही निंदनीय है। राजनांदगांव जिले के युवा कबीर पंथी हारुन

मानिकपुरी ने कहा की दामाखेड़ा की धरती कबीर पंथ के आदर्शों के लिए जाना जाता है,जो पूरे देश विदेश के आस्था का केंद्र है। शांति के पथ प्रदर्शक सन्त कबीर साहब जी के आश्रम में ये हमला सोची समझी साजिश लग रही है। पूर्व में बलौदा बाजार जिले में ही एक समाज के आड़ में राजनीतिक रोटी सेंकने वाले लोगों ने समाज को उकसा कर समाज के भोले-भाले लोगों को कानून हाथ में लेने मजबूर कर दिया। आज परिणाम स्वरूप सैकड़ों लोगों जेल की हवा खानी पड़ रहा है। जिससे उनके माता-पिता और घर-बार, पत्नी बच्चे सब दर दर की ठोकरें खा रहे हैं। वहीं राजनीतिक रोटी सेंकने वाले अपने लिए राजनीतिक जमीन तैयार कर रहे हैं। हारुन मानिकपुरी ने छत्तीसगढ़ सरकार को आगाह करते हुए कहा है कि किसी सुनियोजित साजिश को ध्यान में रखते हुए अहिंसा के रास्ते पर चलने वाले कबीर पंथियों के भावनाओं को समझते हुए , दामाखेड़ा कबीर आश्रम एवं कबीर पंथ के सोलहवें वंश प्रतापाचार्य पंथ श्री उदितमुनि नाम साहब पर हमला करने वाले वाले दोषियों पर अविलंब कड़ी से कड़ी कार्यवाही किया जाए।

आरबीआई की राज्य स्तरीय क्विज प्रतियोगिता 5 नवंबर को

रायपुर ,4 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)। भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) इस वर्ष अपनी 90वीं वर्षगांठ मना रहा है। इस महत्वपूर्ण अवसर को चिह्नित करने के लिए बैंक देश भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। इसी क्रम में, RBI विभिन्न विषयों में अध्ययनरत स्नातक छात्रों के लिए राष्ट्रीय स्तर की एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है, जिसमें विभिन्न स्तरों पर आकर्षक पुरस्कार भी रखे गए हैं। RBI90Qui5 का स्नातक पूर्व छात्रों के लिए ऑनलाइन चरण 19-21 सितंबर 2024 को आयोजित किया गया था, जिसमें 3402 टीमों ने भाग लिया। RBI90Qui5 का राज्य स्तर का राउंड 5 नवंबर 2024 को होटल बैबिलोन इंटरनेशनल, वीआईपी रोड, रायपुर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें राज्य के विभिन्न महाविद्यालयों का प्रतिनिधित्व करने वाली शीर्ष 90 टीमें भाग लेंगी।

7045 यूनिट की बिक्री का बनाया रिकॉर्ड

रायपुर ,4 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)। जेएसडब् ल् यू एमजी मोटर इंडिया ने आज अक् टूबर, 2024 में 7,045÷ यूनिट की बिक्री करने की घोषणा की है. जो पिछले साल (अक् टूबर, 2023) की समान अवधि की तुलना में सालाना 31 प्रतिशत वृद्धि को दर्शाती है। कंपनी के न् यू एनर्जी वाहन (एनईवी) इसकी कुल बिक्री का एक महत् वपूर्ण हिस् सा बने हुए हैं। कुल बिक्री में 70 प्रतिशत से अधिक का योगदान देश में किसी भी यात्री कार निर्माता द्वारा मासिक बिक्री का उच् चतम हिस् सा एनईवी को अपनाने को बढ़ावा देने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। स्वच्छ परिवहन की दिशा में भारत की यात्रा में एक और महत् वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने लॉन् च के पहले महीने में ही देश की पहली इंटेलिजेंट क्रॉसओवर यूटीलिटी व् हीकल (सीयूवी) एमजी विंडसर की 3,116 यूनिट की बिक्री कर ईदी मार्केट की चमक को बढ़ाया है।

भीमाटोला मे दीवाली मिलन समारोह, रामायण उत्सव में शामिल हुए विधायक

राजनांदगांव ,4 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)। ग्राम भीमाटोला(रेंगाड़बरी) में श्री सतगुरु कबीर नवयुवक समिति एवं समस्त ग्रामवासी द्वारा दिवाली मिलन समारोह एवं रामायण उत्सव के कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लोकप्रिय विधायक माननीय श्री भोलाराम साहू जी शामिल हुए, विधायक श्री साहू जी ने कार्यक्रम की शुभारंभ में श्री स्वामी आचार्य मंगल साहेब जी प्रधान न्यासी कबीर मठ ट्रस्ट समिति नदिया के आशीर्वाचन के बाद पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुखद जीवन की कामना करते हुए सभी को दिवाली मिलन समारोह एवं रामायण उत्सव तथा भाई दूज की बधाई एवं शुभकामनायें दिए।इस दौरान डॉ. नरेंद्र साहू , बीरेंद्र मासिया , संत तामेश्वर दास , नंदकिशोर तिवारी, कौशिक राजपूत, गोविन्द चंद्राकर, ललित साहू, दिनेश गुप्ता, इन्द्रपाल तुमरेकी, श्रीमती लिलेश्वरी भुआर्य, श्रीमती सुशीला देवी, पुरषोत्तम नायक, गंगाराम ठाकुर एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष लीलावर भैसारे तथा अन्य सदस्यों सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

मानपुर में गौरा- गौरी विवाह बाजे-गाजे के साथ कराया

मोहला- (तरुण छत्तीसगढ़) भारत का सबसे बड़ा पर्व दीपावली बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है ,जिले के वनांचल क्षेत्र मानपुर में कोसाराव पारा में पिछले चौदह वर्षो से गौरा गौरी का कार्यक्रम बड़े उत्साह से मनाया गया,मानपुर के गौरा चौक में प्रतिवर्ष के भाति इस वर्ष भी गौरा- गौरी विवाह महोत्सव का आयोजन हुआ जिसमे बाल कृष्ण गणेश उत्सव समिति कोसाराव पारा में विगत 13 वर्षो से गौरा गौरी विवाह महोत्सव करते आ रहा है इसमें 13 दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में करवा चौथ में गौरा गौरी व गणपति की मूर्ति स्थापना के साथ महोत्सव का शुभारंभ हुआ, साथ ही लक्ष्मी पूजा के रात्रि पारंपरिक बाजे - गाजे साथ गौरा गौरी विवाह संपन्न कराया गया एवं गोवर्धन पूजा के अवसर पर भव्य रिकाडिंग डांस प्रतियोगिता आयोजन हुआ व भाई दूज के दिन शोभायात्रा के साथ नगर भ्रमण करते हुए गौरा गौरी विसर्जन के साथ महोत्सव का समापन हुआ। बाल कृष्ण गणेश उत्सव समिति (गौरा गौरी विवाह महोत्सव) के अध्यक्ष ऋषभ ठाकुर ने महोत्सव में मिले योगदान के लिए समस्त जनप्रतिनिधिगण, कर्मचारीगण व्यपारिगण एवं

मुख्यमंत्री,गृहमंत्री को पद से हटाया जाए:कांग्रेस

रायपुर,4 नवंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने राजीव भवन में पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुये कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था बद से बद्तर होते जा रही है। दीपावली के तीन दिनों में राजधानी रायपुर में 7 हत्यायें हुई है। राजधानी से लगे भिलाई, दुर्ग जिले में 4 हत्यायें हुई है। तीन से चार दिनों में राजधानी क्षेत्र में रायपुर भिलाई में कुल 11 हत्यायें हुई है। जब देश का सबसे बड़ा त्योहार हो तब यह उम्मीद की जाती है, सरकार और पुलिस कानन व्यवस्था को बनाये रखने के लिये अतिरिक्त सतर्कता बरतेगी। उस समय चार दिनों में 11 हत्यायें होना राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। छत्तीसगढ़ की स्थिति तो बिहार, यूपी से भी ज्यादा डरावनी हो गयी है। यह सरकार छत्तीसगढ़ को मणीपुर बनाने पर तुली है। प्रदेश में पहली बार हो रहा कि जातीय आधार पर संघर्ष हो रहा है। राजधानी के सकरी गांव में दंगा हो गया, एक घर में आग लगा दिया गया, वाहनों को जला दिया गया, यदि परिवार वाले गांव छोड़कर नहीं जाते 11 सदस्य का पूरा परिवार घर में जिंदा जल गया होता। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश में अब धार्मिक स्थल भी सुरक्षित नही है। दामाखेड़ा जो कबीर पंथ का दुनिया का सबसे बड़ा तीर्थ स्थान माना जाता है। दामाखेड़ा आश्रम के बाहरी इलाके में 50-60 लोग पहुंचे और आश्रम परिसर में आग लगाने का प्रयास किया। उपद्रवियों ने आश्रम के मुख्य द्वार के पास जलता हुआ बम फेंका, जिससे आग लग गई और परिसर में अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद उपद्रवियों ने पत्थरबाजी भी शुरू कर दी,

जिसमें आश्रम में मौजूद कई लोगों को चोटें आईं। आश्रम के उदित मुनि साहब को टारगेट कर हमला किया गया। अब धार्मिक स्थल सुरक्षित नहीं है तो आम आदमी की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बलौदाबाजार में धार्मिक स्थल पर तोड़फोड़ हुआ सरकार ने ध्यान नहीं दिया। एसपी, कलेक्टर कार्यालय जला दिया गया। लोहारीडीह में एक आदमी की हत्या के बाद पुलिस की लापरवाही के कारण एक व्यक्ति को जिंदा जला दिया गया। उसके बाद एक की पुलिस प्रताड़ना से मौत हो गयी। सूरजपुर में जनता का आक्रोश सरकार के खिलाफ इतना ज्यादा था कि एसडीएम को मारने भीड़ ने दौड़ा दिया। बलरामपुर के थाने में मौत के बाद महिलाओं ने पुलिस थाने पर हमला किया, महिला आईपीएस पर आक्रमण हुआ। प्रदेश की रोज-रोज घट रही अपराधिक घटनाओं उन घटनाओं के बाद जनता की प्रतिक्रिया यह बताने के लिये पर्याप्त है। प्रदेश में अराजकता का माहौल है। जनता का सरकार पर से पुलिस पर से भरोसा उठ गया है। विपक्ष के रूप में हमने सबसे ज्यादा सवाल कानून व्यवस्था को लेकर सदन से सड़क तक उठाया है, लेकिन सरकार है कि उसकी नींद नहीं टूट रही। विधानसभा घेराव किया, विधानसभा में सवाल उठाया, मुख्यमंत्री निवास घेरा, दर्जनों बार विरोध प्रदर्शन किया, पदयात्रा किया, लेकिन सरकार न जनता की आवाज सुन रही, न ही विपक्ष की आवाज। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि हम मांग करते है कि एसी निक्कमी सरकार को जो लागो के जान माल की रक्षा नहीं कर पा रही उस सरकार के मुखिया और गृहमंत्री को तत्काल पद से हटाया जाये। पत्रकारवार्ता में प्रमुख रूप से संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, प्रवक्ता सत्य प्रकाश सिंह उपस्थित थे।

टू-व्हीलर लोन एलिजिबिलिटी वाउचर लॉन्च

रायपुर ,4 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)। श्रीराम समूह की प्रमुख कंपनी श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड ने आज टू-व्हीलर लोन एलिजिबिलिटी वाउचर लॉन्च करने की घोषणा की, जो इस त्योहारी सीजन में अपने सपनों का टू-व्हीलर खरीदने के इच्छुक ग्राहकों के लिए एक अभिनव और अपनी तरह का पहला टू-व्हीलर लोन समाधान है। श्री. वाई एस चक्रवर्ती, एमडी व सीईओ, श्रीराम फाइनेंस ने इस पर टिप्पणी करते हुए कहा, हमें टू-व्हीलर लोन एलिजिबिलिटी वाउचर पेश करते हुए गर्व हो रहा है, जो इस त्यौहारी सीजन में अपने टू-व्हीलर खरीदने का इरादा रखने वाले सभी ग्राहकों के लिए अपनी तरह की पहली पहल है। श्रीराम फाइनेंस छत्तीसगढ़ में सबसे बड़े टू-व्हीलर फाइनेंसरों में से एक है और यह पहल छत्तीसगढ़ में हमारी स्थिति को मजबूत करने और बढ़ाने में मदद करेगी। श्री. चक्रवर्ती ने आगे बताया, ग्राहक आमतौर पर अपनी पसंद की बाइक खरीदने के लिए रिसर्च करने और उस पर निर्णय लेने में काफी समय लगाते हैं।

ग्राहक अपने पेमेंट्स को फेस्टिव रिवॉर्ड्स में बदलें

रायपुर ,4 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)। अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरान उत्सव के जोश के बीच, अमेजन पे यूपीआई ने शॉपिंग इवेंट के पहले 48 घंटों में असाधारण वृद्धि का अनुभव किया है, जिसमें उपयोग में साल-दर-साल 16त्न की रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है। इस गति को बनाए रखने और उत्सव के सीजन के दौरान ग्राहकों को और अधिक मूल्य प्रदान करने के लिए, अमेजन पे ने अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2024 के हिस्से के रूप में एक विशेष 'बंपर रिवॉर्ड्स' कार्यक्रम लॉन्च किया है। इस रोमांचक पहल के तहत ग्राहक अमेजन पे यूपीआई के जरिए लेन-देन पूरा करके 10,000 रुपये तक के रिवॉर्ड्स कमा सकते हैं, चाहे वह Amazon.in पर हो या उसके बाहर। ग्राहक अमेजन पे के बंपर रिवॉर्ड्स को 1वीं, 5वीं, 10वीं और 15वीं यूपीआई लेन-देन पर अनलॉक कर सकते हैं

डिजिटल बिक्री प्लेटफ़ॉर्म ग्रीनक्राफ्ट डॉट को डॉट इन लांच

रायपुर। चरणजीत सिंह, अतिरिक्त सचिव, एमओआरडी ने 13 सितंबर 2024 को वाराणसी में राष्ट्रीय आजीविका सम्मेलन के दौरान ग्रामीण समुदायों की महिलाओं द्वारा पूरी तरह से स्वामित्व वाले ऑनलाइन बिक्री प्लेटफ़ॉर्म ग्रीनक्राफ्ट डॉटकोडॉटइन के लॉन्च की घोषणा की। इंडस्ट्रे फाउंडेशन द्वारा स्थापित ग्रीनक्राफ्ट, एक ऐसा पहल है जो केवल भारत में निर्मित उत्पादों की पेशकश करती है, जो महिलाओं के द्वारा बनाए और स्वामित्व किया जाता है, जो तमिलनाडु, कर्नाटक और ओडिशा में विभिन्न आत्म-सहायता समूहों के सदस्य हैं। इंडस्ट्रे फाउंडेशन उच्च गुणवत्ता और आकर्षक हाथ से बुने गए सामान में विशेषज्ञता रखता है, जो स्थानीय रूप से प्राप्त प्राकृतिक सामग्री जैसे कि केले की छाल, बांस और साल की पत्तियों से बनाए जाते हैं। मध्यस्थों को हटाकर और सीधे बाजार पहुंचाया जाता है, ग्रीनक्राफ्ट इन ग्रामीण महिला उद्यमियों की आय को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने की उम्मीद है। इस नवीनतम व्यापार मॉडल में, उत्पन्न होने वाली 100 प्रतिशत आय महिलाओं उत्पादकों को जाती है, जिससे सुनिश्चित होता है कि वे अपनी मेहनत और रचनात्मकता से पूरी तरह से लाभान्वित हों।

एक्सिस बैंक ने यूपीआई पेयर पेमेंट सर्विस प्रोवाइडर के रूप में नंबर-1 स्थान प्राप्त किया

रायपुर - देश में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने भारत में अग्रणी यूपीआई पेयर पेमेंट सर्विस प्रोवाइडर (पीएसपी) बैंक के रूप में अपनी उपलब्धि की घोषणा की है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, सितंबर 2024 तक, एक्सिस बैंक के पास यूपीआई पेयर पीएसपी क्षेत्र में 30.87 प्रतिशत की बाजार अग्रणी हिस्सेदारी है। यह उपलब्धि नवाचार, ग्राहक-केंद्रित समाधानों और रणनीतिक साझेदारी के प्रति बैंक की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। एक्सिस बैंक ने रणनीतिक रूप से न केवल बड़ी फिनटेक दिग्गजों के साथ साझेदारी करने पर ध्यान केंद्रित किया है, जो यूपीआई क्षेत्र में शुरुआती प्रवेशकर्ता थे, बल्कि इस क्षेत्र में नए प्रवेशकों के साथ भी हाथ मिलाया है। इन गठजोड़ों का उद्देश्य इन नए प्रवेशकों के कैप्टिव बेस को पकड़ना और उन्हें सीधे उनके ऐप पर यूपीआई सॉल्यूशंस प्रदान करना है। विशिष्ट ग्राहक वर्ग को लक्षित करने वाले संगठनों और विभिन्न ग्राहक आधार के लिए मूल्य प्रस्ताव लाने वाले फिनटेक के साथ साझेदारी करने का यह रणनीतिक कदम इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण रहा है। ऑन-प्रिमाइसेस और क्लाउड-आधारित दोनों प्रणालियों को शामिल करने वाले एक मजबूत आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ, इस दृष्टिकोण ने यूपीआई से संबंधित ईको सिस्टम में बैंक की वृद्धि को बढ़ावा दिया है।

टू-व्हीलर लोन एलिजिबिलिटी वाउचर लॉन्च

रायपुर, अक्टूबर 2024ः श्रीराम समूह की प्रमुख कंपनी श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड ने आज टू-व्हीलर लोन एलिजिबिलिटी वाउचर लॉन्च करने की घोषणा की, जो इस त्योहारी सीजन में अपने सपनों का टू-व्हीलर खरीदने के इच्छुक ग्राहकों के लिए एक अभिनव और अपनी तरह का पहला टू-व्हीलर लोन समाधान है। श्री. वाई एस चक्रवर्ती, एमडी व सीईओ, श्रीराम फाइनेंस ने इस पर टिप्पणी करते हुए कहा, हमें टू-व्हीलर लोन एलिजिबिलिटी वाउचर पेश करते हुए गर्व हो रहा है, जो इस त्यौहारी सीजन में अपने टू-व्हीलर खरीदने का इरादा रखने वाले सभी ग्राहकों के लिए अपनी तरह की पहली पहल है। श्रीराम फाइनेंस छत्तीसगढ़ में सबसे बड़े टू-व्हीलर फाइनेंसरों में से एक है और यह पहल छत्तीसगढ़ में हमारी स्थिति को मजबूत करने और बढ़ाने में मदद करेगी। श्री. चक्रवर्ती ने आगे बताया, ग्राहक आमतौर पर अपनी पसंद की बाइक खरीदने के लिए रिसर्च करने और उस पर निर्णय लेने में काफी समय लगाते हैं। हालांकि, वे अक्सर फाइनेंसिंग पहलू को नजरअंदाज कर देते हैं, जिससे लोन प्रदाता चुनने में अनिश्चितता पैदा होती है। बहुत से लोग इस बात से अनजान हैं कि वे अपनी पसंद के टू-व्हीलर के लिए अपनी लोन पात्रता निर्धारित कर सकते हैं। टू-व्हीलर लोन एलिजिबिलिटी वाउचर के जरिए ग्राहक आसानी से अपनी लोन पात्रता की जांच कर सकते हैं, जिससे उन्हें अपने सपनों का टू-व्हीलर खरीदने का भरोसा मिलता है और साथ ही फाइनेंसिंग की सुलभ उपलब्धता को लेकर आश्वस्त हो जाते है। रायपुर, अक्टूबर 2024ः श्रीराम समूह की प्रमुख कंपनी श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड ने आज टू-व्हीलर लोन एलिजिबिलिटी वाउचर लॉन्च करने की घोषणा की.

मुख्यमंत्री को वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन ने ज्ञापन सौंपा

रायपुर. दिनांक 3.11.2024 को वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधि मंडल ने दिवंगत प्रदीप उपाध्याय,

वाचक तहसील कार्यालय, रायपुर के आत्महत्या प्रकरण में उच्च स्तरीय जांच कर उचित न्याय दिलाने हेतु महामहिम राज्यपाल महोदय एवं माननीय मुख्यमंत्री महोदय के नाम ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में सम्पूर्ण प्रकरण में न्याय संगत कार्यवाही की मांग की गई है. प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा, राष्ट्रीय महासचिव सुरेश मिश्रा, महासचिव द्वय अजय अवस्थी, सुनील ओझा, प्रदेश सलाहकार रज्जन अग्निहोत्री, छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण केन्द्रीय समिति अध्यक्ष विनय तिवारी, संभागीय अध्यक्ष नितिन कुमार झा, युवा अध्यक्ष अविनय दुबे, उपाध्यक्षद्वय संजय अवस्थी, मिथिलेश रिछारिया, संभागीय सचिव सतीश शर्मा, उपाध्यक्ष रवि शर्मा, कोषाध्यक्ष राघवेंद्र पाठक, बृजेन्द्र शुक्ला, राजू महराज एवं राजू दीवान आदि विप्रजन उपस्थित थे.

रायपुर.राज्यपाल श्री रमेन डेका से आज यहां राजभवन में अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा एवं उनकी धर्मपत्नी दर्शनिता बोरा ने सौजन्य भेंट कर दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी। श्री डेका ने भी उनको दीपावली की शुभकामनाएं दी।

उद्योग जगत के संगठनों ने चिकित्सा उपकरण नीति के उल्लंघन का आरोप लगाया

नई दिल्ली,4 नवंबर। पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) और एसोसिएशन ऑफ इंडियन मेडिकल डिवाइसेज़ (ए आई एम ई डी) ने मैनुफैक्चरर्स ऑफ इमेजिंग, थेरेपी एण्ड रेडियोलोजी डिवाइसेज़ (एमआईटीआरए), एसोसिएशन ऑफ डायग्नॉस्टिक मैनुफैक्चरर्स ऑफ इंडिया (ए डी एम आई) तथा मेडटेक उद्योग के हितधारकों के सहयोग से पीएचडी हाउस में एक प्रेस सम्मेलन का आयोजन किया। जहां पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफसीसी), स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक(डीजीएचएस) तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्ल्यू) द्वारा हाल ही में जारी कार्यालय ज्ञापन के संदर्भ में गंभीर विषयों पर चर्चा की गई। ये ज्ञापन नवीकृत एवं पहले से इस्तेमाल किए जा चुके चिकित्सा उपकरणों के आयात की अनुमति देते हैं, बावजूद इसके कि इसी तरह की डिवाइसेज़ का निर्माण भारत में किया जाता है। उद्योग जगत के लीडरों का मानना है कि यह भारत को चिकित्सा उपकरण निर्माण में आत्मनिर्भर बनाने में बड़ा खतरा है, साथ ही यह प्रधानमंत्री जी के 'मेक इन इंडिया' एवं 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण की दिशा में किए जाने वाले प्रयासों में बाधा भी उत्पन्न करता है। यह देश की स्वदेशी निर्माण क्षमता में रूकावट उत्पन्न करता है। इसके अलावा मरीज़ों की सुरक्षा के संबंध में भी गंभीर मुद्दों की संभावना उठाई गई है, क्योंकि हो सकता हैकि नवीकृत किए गए चिकित्सा उपकरण, नव निर्मित उपकरणों की तरह गुणवत्ता के मानकों पर खरे न उतरें, जो मरीज़ोंकी सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का कारण हो सकता है। उद्योग जगत के दिग्गजों ने इस बात पर ज़ोर दिया कि यह ज्ञापन स्वदेशी मेडटेक सेक्टर को कमज़ोर बनाता है, जो हाल ही के वर्षों में 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत निवेश के चलते तेज़ी से विकसित हुआ है।

गौरा-गौरी विसर्जन में चाकूबाजी,एक की मौत

धमतरी,4 नवंबर। प्रार्थी नवीन नाग पिता नरेश नाग उम्र 26 साल साकिन सुभाष नगर खम्मन बाड़ी धमतरी ने कल दिनांक 02.11.24 के 23.10 बजे रिपोर्ट दर्ज कराया कि घटना दिनांक के रात 10 बजे अपने साथियों युवराज नाग, महेश देवांगन, गुलशन नाग, विशाल नाग, नीरज नाग, संतोष नाग, रितेश देवांगन के साथ लाल बगीचा के गौरी गौरा विर्सजन करने मुहल्ले वालो के साथ मकई चौक नाचते गाते जा रहे थे आरती मेडिकल स्टोर्स पुराना बस स्टैण्ड तक आये और वहा से सभी लोग पैदल पैदल अपने अपने घर जाने कलक्ता फोटो स्टुडियो पुराना बस स्टैण्ड के पास पहुंचे थे उसी समय बाबर उर्फ लल्ला उर्फजाबर खान रमजान उर्फरमजू उर्फछोटा बाबर खान, हेंमत उर्फपन्नू सतनामी तथा अपचारी बालक और उनके साथी अचानक रस्ते में आये तथा गौरी गौरा में नाचने के दौरान धक्का मुक्की किये हो कहकर विवाद करने लगे इसी बीच बाबर उर्फ लल्ला उर्फजाबर खान, रमजान उर्फरमजू उर्फछोटा बाबर, हॅमत उर्फपन्नू सतनामी मृतक युवराज एवं आहत नीरज नाग के हाथो को पकड़ लिये एवं हाथ मुक्के से मारपीट करते हुये अपचारी बालक को चाकू मारने बोला तथा एक अपचारी बालक का साथ दे रही थी। तब विवि से संघर्षरत बालक ने अपने पास रखे धारदार चाकू से युवराज एवं नीरज पर प्राणघातक कई बार हत्या करने के आशय से युवराज के सीने, नीरज के पेट, कंघा एवं कमर में वार कर चोट पहुंचाये। दोनों बेहोश हो गये जिसे ईलाज के लिये जिला अस्पताल धमतरी लेकर गये जहाँ दोनो की गंभीर स्थिति को देखते हुये क्रिश्चियन अस्पताल बढेना मे उच्च चिकित्सा के लिये रिफर किया गया। आहतों को क्रिश्चियन अस्पताल में भर्ती किया गया।

ईलाज दौरान आहात युवराज नाग की मृत्यू हो गई तथा आहत नीरज नाग गंभीर अवस्था में भर्ती होकर ईलाजरत है की सूचना पर तत्काल मर्ग कायम कर मृतक युवराज नाग का शव पंचनामा पी0एम0 काराया गया। डॉ0 द्वारा मृतक की मृत्यू शार्ट पी0एम0 हत्यात्मक होना लेख किया है। जिस पर हत्या का प्रकरण में अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान प्रार्थी गवाहों का कथन मौका निरीक्षण घटना में प्रयुक्त चाकू की जप्त कर आरोपी अपचारी बालक से जप्त किया गया है। प्रकरण की अभी तक विवेचना से आरोपीगण एवं अपचारी बालकों के द्वारा मृतक युवराज नाग की धारदार चाकु से प्राणघातक वार कर हत्या करना तथा आहत नीरज नाग का हत्या का प्रयास करने का अपराध करना घटित सबुत पाये जाने से थाना सिटी कोतवाली धमतरी में अप.क्र. 422/24 धारा - 109(1),103 (1), 3 (5) बीएनएस0, 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों (01) बाबर खान उर्फलल्ला उर्फजाबर, (02) रमजान उर्फरमजू उर्फछोटा बाबर, (03) पन्नु उर्फ हेंमत चेलक धमतरी थाना सिटी कोतवाली को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजी जा रही है। तथा अपचारी बालकों की पृष्ट भूमी कर बाल कल्याण समिति में पेश की जा रही है।

आरोपीगण का नाम-: (01) बाबर खान उर्फ लल्ला उर्फ जाबर पिता कय्यूम खान ,उम्र 24 वर्ष सा0 रत्नाबांधा कब्रिस्तान धमतरी(02) रमजान उर्फ रमजू उर्फ छोटा बाबर,पिता कय्यूम खान,उम्र 21 वर्ष सा0रत्नाबांधा कब्रिस्तान धमतरी (03) पन्नु उर्फहेमंत चेलक उम्र 19 वर्ष पिता बेद राम चेलक,लाल बगीचा धमतरी थाना सिटी कोतवाली धमतरी, जिला धमतरी छ0ग0 एवं दो विवि से संघर्षरत बालक शामिल हैं। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिटीकोतवाली,थाना प्रभारी अर्जुनी,थाना प्रभारी रूद्री, सायबर सहित थाना स्टॉफका महत्वपूर्ण योगदान रहा।

सरेआम शराब पीते 11 गिरफ्तार

रायपुर, 4 नवम्बर। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार गंज थाना पुलिस ने पाठक गली फाफाडीह चौक के पास दबिश देकर सरेआम शराब पीते आरोपी रोहित हिरवानी 32 वर्ष एवं गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपी अशोक विश्वकर्मा 34 वर्ष, सोनू साहू 34 वर्ष व रामअवतार ध्रुव 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

संपादकीय

सब जानते हैं साजिश के पीछे कौन है

कुछ नेता सब जानते हैं लेकिन इतने भोले बनते हैं कि उनको कुछ भी नहीं मालूम है,ऐसे लोग देश व राज्य के लिए खतरनाक होते हैं क्योंकि वह कहते हैं और करते कुछ हैं। इसलिए उनके कहे को कभी गंभीरता से नहीं लेता है। वह आए दिन उल्टे सीधे बयान देते रहते हैं लेकिन केंद्र सरकार,राज्य के लोग व देश के लोग उनके बयाने को गंभीरता से नहीं लेते हैं। फारुक अब्दुल्ला ऐसे ही नेता हैं। वह कब क्या कहेंगे, कब क्या करेंगे,कोई ठिकाना नहीं है,उमर हो गई है, आराम से रहना चाहिए लेकिन आए दिन बयान देकर विवादों में घिर जाते हैं, उनके बयान की देश भर में आलोचना होती है। हाल ही में उन्होंने फिर इस तरह का एक बयान दिया है जिसमें उन्होंने कहा है कि सेना को कश्मीर में घुस कर हमला करने वाले आतंकियों को मारना नहीं चाहिए, उनको गिरफ्तार करना चाहिए, उनसे पूछताछ करना चाहिए, ताकि पता चले कि कश्मीर में उमर अब्दुल्ला की सरकार को कौन अस्थिर करने की साजिश कर रहा है। हो सकता है कि वह पहले की तरह चाहते हों कि आंतकियों को मारा न जाए, उनको गिरफ्तार कर पूछताछ की जाए, पहले ऐसा होता था इससे आंतकवाद व अलगावववाद कश्मीर में समाप्त ही नहीं होता था।सरकार गिरफ्तार करती थी, जेल में रखती थी, उन पर पैसे खर्च करती थी, लेकिन मोदी सरकार ने यह सब बंद कर दिया। उसका तो सीधा आदेश है कि आतंकवादी है तो जहां दिखे मार दो। पहले सरकार नरम थी तो आंतकियों में मारे जाने का डर नहीं था, अब आतंकवादी जानते हैं कि भारत की सीमा में जाने का मतलब है कभी भी मारा जाना। जहां तक सवाल कि उमर सरकार को अस्थिर करने की साजिश कौन कर रहा है तो यह कोई छिपी हुई बात तो हैं नहीं पाक पालित व पोषित आतंकवादी कश्मीर में आए दिन हमला क्यों करते हैं। पहले जिस मकसद से करते थे आज भी उसी मकसद से करते हैं। ऐसा तो हो नहीं सकता कि कश्मीर में राष्ट्रपति शासन के दौरान पाक के आंतवादियों का मकसद कुछ अलग था और आज कश्मीर जनता की चुनी हुई सरकार है तो उनका मकसद बदल गया है।फारुक अब्दुल्ला तो आतंकियों के हमले की कोई चिंता नहीं है, क्योंकि उनकी सरकार के समय तो आंतकवादी हमले होते रहते थे। उनको डर इस बात का है कि अगर इसी तरह आतंकवादी हमले होते रहे तो सरकार को उमर सरकार को भंग कर राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने का मौका मिल जाएगा। इसलिए वह आंतकवादी हमले को उमर सरकार को गिराने की साजिश बता रहे हैं। इससे पहले एक बयान में अब्दुल्ला परिवार की तरफ से पाक को चेताया गया था कि अगर इसी तरह आतंकवादी कश्मीर भेजे जाते रहे तो पाकिस्तान के साथ बात कैसे होगी। फारुक अब्दुल्ला को हमेशा से पाक के साथ बात करने के पक्षधर रहे हैं। वह तो चाहते हैं कि दोनों देशों के बीच स्थिति सामान्य हो लेकिन भारत की तरफ से साफ कर दिया गया है कि जब तक पाकिस्तान आतंकियों को कश्मीर में भेजता रहेगा, पाकिस्तान में उनको पालता पोसता रहेगा भारत उसके साथ किसी तरह को कोई रिश्ता नहीं रखेगा। भारत ने पाकिस्तान को सुधरने के लिए दस साल का समय दिया लेकिन दस साल में पाकिस्तान की हालत आंतकवादियों को पालने पोसने के ही कारण एशिया व विश्व में बद से बदतर होती गई है लेकिन पाकिस्तान नहीं सुधरा है वह खुद बरसों से आंतकवाद की समस्या से परेशान है, पहले पाकिस्तान में बम के धमाके नहीं होते थे, पाकिस्तान के लोग मारे नहीं जाते थे लेकिन अब तो पाकिस्तान में भी आंतकवादी वही सब कर रहे है जो भारत,ईरान,अफगानिस्तान में करते हैं। पाकिस्तान कम से आतंकवाद ी हमले पाकिस्तान में होने के बाद तो सबक लेना चाहिए लेकिन वह कोई सबक लेने का तैयार नहीं है।वह न अपने यहां शांति रहने देना चाहता है, न ही पड़ोसी देशों के सीमा से लगे राज्यों में शांति रहने देना चाहता है।कश्मीर घाटी में सेना ने आतंकवादियों को पूरी तरह समूल नाश कर दिया है। इससे कश्मीर घाटी में बीच में आंतकवादी हिंसा बंद हो गई थी, उसने जम्मू में आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा दिया। उसका मकसद इन आतंकवादी हमलों से सिर्फ विश्व को यह बताना था कि जम्मू कश्मीर में आतंकवाद व अलगावववाद खत्म नहीं हुआ है। चुनाव हो जाने से उसका यह प्रचार झूठा साबित हो गया है जिसमें वह कहा करता है कि कश्मीर के लोग तो अलग देश चाहते हैं, पाकिस्तान को सबसे बड़ा झटका तो जम्मू कश्मीर में बिना खून खराबे को चुनाव हो जाने से लगा है क्योंकि इससे साबित होता है कि कश्मीर के लोग अलग देश नहीं चाहते हैं, वह भारत के साथ रहना चाहते थे।कश्मीर में आतंकवाद व अलगावववाद को बढ़ावा देने के लिए जो देश पाकिस्तान को बहुत सारा पैसा देते थे, अब वह पैसा नहीं दे रहे हैं,इससे भी पाकिस्तान को हालत और खराब हो गई है, क्योंकि उसके लिए भारत आतंकवादी भेजना मुश्किल हो गया है। वह आतंकवादी बरसों में तैयार करके भेजता है और भारतीय सेना उनको एक दिन में घेर कर मार देती है। पाकिस्तान को आतंकवाद के साथ ख़ड़े होने के कारण हर वैश्विक मंच पर नकारा जा रहाहै क्योंकि वहां भारत मौजूद रहता है और विश्व के देशों को आतंकवाद के खिलाफ खड़े होने के लिए तैयार करता है और आंतकवादियों का समर्थन करने के कारण ऐसे देशों को वैश्विक मंच में जगह देने का पुरजोर विरोध भी भारत करता है। भारत के विरोध के चलते ही पाकिस्तान को ब्रिक्स की सदस्यता नहीं मिल रही है। पाकिस्तान के भारत से अच्छे संबंध होते तो आज पाकिस्तान की जो हालत है कम से कम वह तो नहीं होती। भारत अपने पड़ोसी देशों की हर तरह की मदद करता है, बदले में वह चाहता है कि विदेशी ताकतों का वह खिलौना न बने क्योंकि उसका परिणाम भारत से ज्यादा उनके लिए बुरा साबित हुआ है।

विशेष लेख — पवन गुप्ता, संयुक्त संचालक जनसंपर्क

राज्य के विकास की नब्ज पर साय सरकार की मजबूत पकड़

छत्तीसगढ़ के नीति निर्धारकों को दो कारकों पर विशेष ध्यान रखना पड़ता है एक तो यहां की आदिवासी बहुल आबादी और दूसरी यहां की कृषि प्रधान अर्थव्यस्था। राज्य की नीतियां तय करते समय इन दोनों की अनदेखी नहीं की जा सकती, दोनों को ही बराबर महत्व देना पड़ता है। हाल ही में केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ सहित देश में माओवादी आतंक के खात्मे के प्रति केन्द्र सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया है। केन्द्र के इस फैसले ने राज्य को समृद्धि के रास्ते में आगे जाने के संकल्प को और मजबूती दी है। छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार बनते ही यहां मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को लेकर काम करना शुरू कर दिया है। लगभग तीन करोड़ की आबादी वाला यह राज्य आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण में योगदान दे रहा है। साय सरकार ने छत्तीसगढ़ की बागडोर संभालते ही राज्य के विकास की दिशा को तय करने वाले दो प्रमुख कारकों आदिवासी समुदाय और किसान दोनों पर शुरू से ही ध्यान दिया है। राज्य में लोगों को स्वच्छ और पारदर्शी प्रशासन के वायदे को लेकर आयी साय सरकार आई.टी. और ए.आई आधारित प्रणाली को पूरी प्रतिबद्धता के साथ अपनाना शुरू कर दिया है। राज्य में कृषक उन्नति योजना खेती-किसानी के लिए एक नया संबल बनी है। इसके चलते कृषि समृद्ध और किसान खुशहाल हुए हैं। राज्य में खेती-किसानी को नई ऊर्जा मिली है। राज्य में उन्नत खेती को बढ़ावा मिल रहा है। राज्य सरकार के किसान हितैषी फसलों का असर अब खेती-किसानी में साफ दिखाई देने लगा है। उन्नत कृषि यंत्रों का उपयोग खेती-किसानी में बढ़ा है। बीते खरीफ विपणन वर्ष में किसानों से 145 लाख मीट्रिक टन धान समर्थन मूल्य पर खरीदा गया है, जिसके एवज में 32 हजार करोड़ रूपए भुगतान किया गया है। छत्तीसगढ़ सरकार ने अपने संकल्प के अनुरूप राज्य के किसानों को दो साल के धान की बकाया बोनस राशि 3716 करोड़ रूपए का भुगतान किया। कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत किसानों को धान की मूल्य की अंतर राशि के रूप में 13 हजार 320 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। इस तरह किसानों को कुल मिलाकर 49 हजार करोड़ रूपए सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित किए गए। छत्तीसगढ़ में किसानों से धान खरीदी शुरू से ही चुनौतीपूर्ण रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सरकार ने समर्थन मूल्य पर 14 नवम्बर से धान खरीदी करने जा रही है। धान उपार्जन केन्द्रों में छत्तीसगढ़ सरकार के दिशा-निर्देश के मुताबिक सभी तैयारियां की जा रही है। इस साल राज्य में बेहतर बारिश एवं अनुकूल मौसम के चलते धान के विपुल उत्पादन की उम्मीद है। इसको देखते हुए राज्य में समर्थन मूल्य पर 160 लाख

मीटरिक टन धान उपार्जन अनुमानित है। राज्य में किसानों से 31 जनवरी 2025 तक धान की खरीदी की जाएगी। राज्य के किसानों को खेती-किसानी के लिए वर्तमान खरीफ सीजन में 6500 करोड़ रूपए के अल्पकालीन ऋण बिना ब्याज के दिए जा चुके हैं। अधिक से अधिक किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यहां के किसान अब ई-नाम पोर्टल (कृषि बाजार) के माध्यम से अपने उपज का अधिकतम मूल्य प्राप्त कर सकेंगे। किसानों के हित में छत्तीसगढ़ सरकार ने एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी अधिनियम में संशोधन किया है। इसके तहत अन्य प्रदेश के मंडी बोर्ड अथवा समिति के एकल पंजीयन अथवा अनुज्ञप्तिधारी व्यापारी एवं प्रसंस्करणकर्ता, राज्य के किसानों से उनकी उपज खरीद सकेंगे, इससे उत्पादक किसानों को लाभ होगा। किसानों को उन्हें पंजीयन की जरूरत नहीं होगी। राज्य के बस्तर और अन्य हिस्सों में माओवादी आतंक को समाप्त करने के लिए सख्ती से कदम उठाए गए हैं। इसमें केन्द्र और राज्य सरकार आपसी तालमेल बनाए हुए हैं। माओवादी आतंक भी अब कुछ ही क्षेत्रों में सिमट कर रह गया है। यहां नियद नेल्लानार जैसी नवाचारी योजना से लोगों का सरकार के प्रति फिर से विश्वास लौट रहा है। माओवादी आतंक से प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा कैम्प के आस-पास के दायरे में लोगों की मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ केन्द्र और राज्य सरकार के शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा हैं। माओवादी आतंक से प्रभावित जिलों में युवाओं को तकनीकी व्यवासायिक पाठ्यक्रम में पढ़ाई के लिए ब्याज मुक्त ऋण की सुविधा दी जा रही हैं। इस पहल से आदिवासी समुदाय की युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। वनवासियों की आय बढ़ाने के लिए वनोपज के संग्रहण और प्रसंस्करण पर सरकार विशेष ध्यान दे रही हैं। लघु वनोपज की खरीदी समर्थन मूल्य पर हो रही है। इन लघु वनोपजों का वनधन केन्द्रों में प्रसंस्करण भी किया जा रहा है। वनवासियों को तेन्दूपत्ता पारिश्रमिक भी बढ़ाकर 5500 रूपए प्रति मानक बोरा किया गया है। महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए महतारी वंदन योजना में 70 लाख महिलाओं को हर महीने एक-एक हजार रूपए की राशि उनके बैंक खाते में सीधे अंतरित की जा रही है। अब तक इसकी नौ किस्त जारी की जा चुकी है। प्रदेश में नई शिक्षा नीति भी लागू कर दी गई है। राज्य में मातृभाषा में बच्चों को शिक्षा देने के लिए नए पाठ्यक्रम तैयार किए जा रहे हैं। जनजातीय समुदाय के बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए 75 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। माओवादी प्रभावित क्षेत्र के बच्चों के लिए 15 प्रयास आवासीय विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। इन विद्यालयों में मेधावी विद्यार्थियों को अखिल भारतीय मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराई जा रही हैं। नई दिल्ली में संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी के लिए संचालित यूथ हॉस्टल में सीटों की संख्या 50 से बढ़ाकर 185 कर दी गई है।

विशेष लेख — कमलेश साहू

जल जीवन मिशन बदल रहा महिलाओं का जीवन

घर के आंगन में नल से गिर रही पानी की धार ने महिलाओं का जीवन ही बदल दिया है। जल जीवन मिशन महज हर घर तक पेयजल पहुंचाने की योजना नहीं है। यह दूरस्थ अंचलों और गांवों में महिलाओं की दिनचर्या और जीवन में बड़ा बदलाव ला रहा है। गांवों में परंपरागत रूप से घर में पेयजल और अन्य जरूरतों के लिए पानी के इंतजाम का जिम्मा महिलाओं पर ही है। घर तक पानी की पहुंच न होने के कारण उन्हें हैंडपंपो, सार्वजनिक नलों, कुंओं या अन्य स्रोतों से रोज पूरे परिवार के लिए जल संकलन करना पड़ता है। रोजाना का यह श्रमसाध्य और समयसाध्य काम बारिश तथा भीषण गर्मी के दिनों में दुष्कर हो जाता है। कई इलाकों में गर्मियों में जलस्रोतों के सूख जाने के कारण दूर-दूर से पानी लाने की मजबूरी रहती है। परिवार के लिए पानी की व्यवस्था हर दिन का संघर्ष बन जाता है। महिलाओं के दिन के कई घंटे इसी काम में निकल जाते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के हर घर तक नल से जल पहुंचाने के सपने को पूरा करने का जल जीवन मिशन पेयजल के साथ ही महिलाओं को कई समस्याओं से निजात दिला रहा है। घर तक स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल पहुंचने से वे कई चिंताओं से मुक्त हो गई हैं। अब रोज-रोज पानी के लिए बहुत सारा श्रम और समय नहीं लगाना पड़ता। इससे उन्हें घर के दूसरे कामों, बच्चों की परवरिश, खेती-बाड़ी एवं आजीविका के अन्य कार्यों के लिए अधिक समय मिल रहा है और वे इन कार्यों पर अपना ज्यादा ध्यान व समय दे पा रही हैं। बारहों महीने घर पर ही जलापूर्ति से लगातार बारिश तथा गर्मी के दिनों में पेयजल का संकट जल जीवन मिशन ने दूर कर दिया है। गर्मियों में जलस्तर के नीचे चले जाने से तथा बरसात में लगातार बारिश से जल की गुणवत्ता प्रभावित होती है। गुणवत्ताहीन पेयजल से पेट तथा निस्तारी के लिए खराब जल के उपयोग से त्वचा संबंधी रोगों का खतरा रहता है। जल जीवन मिशन ने सेहत के इन खतरों को भी दूर कर दिया है। जल जीवन मिशन के माध्यम से हर घर में रोज प्रति व्यक्ति 55 लीटर जल की आपूर्ति की जा रही है। घर तक जल की सुलभ और पर्याप्त पहुंच से महिलाओं के ह्यकिचन गार्डनह्न (बाड़ी) के लिए भी पानी मिल रहा है। इसके लिए उन्हें अब अतिरिक्त समय और श्रम नहीं लगाना पड़ रहा। इस्तेमाल किए हुए जल का सदुपयोग करते हुए इससे वे अपनी बाड़ी में लगाए सब्जी-भाजी की सिंचाई कर रही हैं। उनका यह काम परिवार के सुपोषण का द्वार भी खोल रहा है। छत्तीसगढ़ में हर घर में नल से जल पहुंचाने के जल जीवन मिशन का 79 प्रतिशत से अधिक काम पूरा हो गया है। राज्य के 39 लाख 63 हजार 700 घरों में पाइपलाइन से पेयजल पहुंच रहा है। मिशन की शुरूआत के बाद से अब तक करीब 36 लाख 44 हजार नए घरों में नल कनेक्शन दिए गए हैं। प्रदेश में 4142 ऐसे गांव हैं जहां के शत-प्रतिशत घरों में नल से पानी पहुंच रहा है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत 19 जिलों में 77 प्रतिशत से अधिक काम पूरे कर लिए गए हैं। हर घर तक नल से जल पहुंचाने के लिए धमतरी जिले में मिशन का 98 प्रतिशत, रायपुर में 94 प्रतिशत, राजनांदगांव में 89 प्रतिशत, जांजगीर-चांपा में 88 प्रतिशत, दुर्ग और मुंगेली में 87 प्रतिशत, बालोद में 86 प्रतिशत तथा गरियाबंद और सक्ती में 85 प्रतिशत काम पूर्ण कर लिया गया है। मिशन के तहत बेमेतरा में 84 प्रतिशत, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और बस्तर में 83 प्रतिशत, कबीरधाम और महासमुंद में 82 प्रतिशत, रायगढ़ में 81 प्रतिशत, कोंडागांव में 79 प्रतिशत, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में 78 प्रतिशत तथा

दंतेवाड़ा और बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में 77 प्रतिशत से अधिक काम पूर्ण हो चुके हैं। खारे पानी, भू-जल में भारी तत्वों की मौजूदगी या जल स्तर के ज्यादा नीचे चले जाने की समस्या से जूझ रहे गांवों में स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति के लिए 71 मल्टी-विलेज योजनाओं का काम प्रगति पर है। इनके माध्यम से 3234 गांवों के दस लाख से अधिक घरों में पेयजल के लिए सतही (नदी) जल पहुंचाया जाएगा। जल जीवन मिशन के कार्यों के लिए राज्य शासन द्वारा चालू वित्तीय वर्ष के बजट में राज्यांश के रूप में 4500 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

सुशासन से छत्तीसगढ़ ने पकड़ी विकास की रफ्तार

पंकज गुप्ता, संयुक्त संचालक जनसंपर्क

इस राज्योत्सव पर छत्तीसगढ़ 24 वर्ष का हो गया। युवा छत्तीसगढ़ पिछले 10 महीने के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन की सरकार में तेजी से प्रगति के पथ पर अग्रसर हो चला है। सड़कों, रेल लाइनों समेत अधोसंरचना के क्षेत्र में राज्य ने बीते 24 वर्षों में निरंतर प्रगति की है। रायपुर एयरपोर्ट देश के तमाम बड़े शहरों से जुड़ गया है। जगदलपुर, बिलासपुर और अंबिकापुर में हवाई सेवाएं प्रारंभ हो चुकी हैं। बस्तर और सरगुजा के आदिवासी बहुल क्षेत्रों तक सड़कों का जाल बिछ चुका है। राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन का देश के आधुनिकतम रेलवे स्टेशनों में शुमार होने लगा है। गांव-गांव तक बिजली, पानी, स्कूल, अस्पताल जैसी बुनियादी सुविधाएं पहुंचाई जा चुकी हैं। राजधानी रायपुर शिक्षा का बड़ा केंद्र बनकर उभरा है। बस्तर में एनएमडीसी का स्टील प्लांट प्रारंभ हो चुका है। राज्य की कला, संस्कृति, वनोपज, हस्तशिल्प आदि की अंतरराष्ट्रीय पहचान बन चुकी है। आज से 24 साल पहले जब राज्य बना था, तब से लेकर साल भर पहले तक नक्सलवाद छत्तीसगढ़ की बड़ी समस्या थी। विष्णु देव साय की सरकार की कुशल रणनीति और प्रभावी कार्रवाई के चलते अब राज्य में नक्सल समस्या समाप्त होने की कगार पर पहुंच गई है। 13 दिसंबर को मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के साथ ही विष्णु सरकार ने जनहित में फैसले लेने और उसे अमल में लाने को लेकर एक्शन में आ गई थी। सरकार गठन के अगले ही दिन कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के अनुरूप 18,12,743 जरूरतमंद परिवारों को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी। राज्य के 13 लाख किसानों को दो साल के धान का बकाया बोनस पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मदिवस, सुशासन दिवस के अवसर 25 दिसंबर 2023 को 3176 करोड़ रुपये जारी किया। मोदी की एक और गारंटी को पूरा करते हुए सरकार ने प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से 3100 रुपये के दाम पर धान की खरीदी की। 25 लाख 75 हजार किसानों को धान का समर्थन मूल्य 32 हजार करोड़ रुपया तत्काल जारी किया और 12 जनवरी 2024 को 13,320 करोड़ रुपये की अंतर राशि का भुगतान भी कर दिया। खरीफ वर्ष 2023-24 में किसानों से रिकार्ड 145 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी विष्णु देव साय की सरकार ने की। राज्य में तेंदूपत्ता संग्रहण की दर 4000 रुपये से बढ़ाकर 5500 रुपये की गई है। 12 लाख 50 हजार तेंदूपत्ता संग्राहकों को इसका लाभ मिल रहा है। संग्राहकों को चरण पादुका वितरित करने की योजना भी लागू होने जा रही है। विष्णु सरकार ने भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए अंत्योदय के लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित कर रखा है। प्रशासन में पारदर्शिता, आम जनता की सुनवाई, नारी, गरीब, किसान, युवा के लिए अवसरों के द्वार खोलने का काम इस सरकार ने किया है।

महतारी वंदन योजना-प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के अनुरूप राज्य की 70 लाख से अधिक महिलाओं के बैंक खातों में प्रति माह 1000 रुपये अंतरित किए जा रहे हैं। 10 मार्च 2024 को प्रधानमंत्री मोदी की वर्चुअल उपस्थिति में महतारी वंदन योजना का शुभारंभ किया गया था। इस योजना की 9 वीं किश्त हाल में यहां पहुंचीं राष्ट्रपति महामहिम द्रौपदी मुर्मु ने जारी की। महिलाओं की उन्नति के लिए सरकार कई कार्यक्रम चला रही है। कांग्रेस की सरकार ने महिला समूहों से रेडी टू ईट का काम छीन लिया था। मुख्यमंत्री ने उन्हें दोबारा यह काम सौंप दिया है।

युवाओं की हितैषी सरकार -नई दिल्ली के ट्राइबल यूथ हॉस्टल में सीटों की संख्या 50 से बढ़कार 185 कही गई है। यूपीएससी की तैयारी करने वाले एससी, एसटी, ओबीसी वर्ग के युवाओं को इसका लाभ मिल रहा है। पुलिस विभाग सहित अन्य शासकीय विभागों में भर्ती की अधिकतम आयु सीमा में 31 दिसंबर 2028 तक 05 वर्ष की छूट का एलान किया गया है। राज्य में विभिन्न विभागों में 7 हजार से अधिक पदों पर भर्ती की जा रही है। पीएससी घोटाले की जांच सीबीआई को सौंप दी गई है। यूपीएससी की तर्ज पर पीएससी परीक्षा को पारदर्शी बनाने के लिए यूपीएससी के पूर्व चेयरमेन प्रदीप कुमार जोशी की अध्यक्षता में आयोग का गठन किया गया है। उद्यम क्रांति योजना के तहत युवाओं को स्वरोजगार के लिए 50 प्रतिशत सब्सिडी पर ब्याज मुक्त ऋण देने की व्यवस्था की गई है। आर्लंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले राज्य के युवाओं को सरकार तीन करोड़ रुपये देगी। रजत जीतने पर दो करोड़ तथा कांस्य पदक विजेता को एक करोड़ रुपये मिलेंगे।

सुशासन का मूलमंत्र-राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के सफल क्रियान्वयन के लिए सुशासन एवं अभिसरण विभाग का गठन किया गया है। ई समीक्षा, ई लोकसेवा गारंटी तथा डिजिटल सेक्रेटेरिएट अब सुशासन एवं अभिसरण विभाग के जिम्मे होगा। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन 25 दिसंबर 2023, सुशासन दिवस के अवसर पर अटल मॉनीटरिंग पोर्टल का शूभारंभ किया गया। आम जनता से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए मुख्यमंत्री ने जनदर्शन कार्यक्रम प्रारंभ किया है। ई गवर्नेंस को बढ़ावा देने के लिए ई आफिस प्रणाली, मुख्यमंत्री कार्यालय ऑनलाइन पोर्टल तथा स्वागतम पोर्टल का शुभारंभ किया गया है। भ्रष्टाचार को रोकने के लिए अधिकाधिक क्षेत्रों

में आईटी का उपयोग किया जा रहा है।

गरीबों की मददगार सरकार-विष्णु देव साय की सरकार ने गरीब जनता की मदद के लिए कई कार्यक्रम शुरू किए हैं। 68 लाख गरीब परिवारों को अगले 5 साल तक मुफ्त राशन देने के लिए बजट में 3400 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। ग्रामीण घरों को नल से पानी देने के लिए जल जीवन मिशन के तहत 4500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। अब तक 40 लाख परिवारों को नल का कनेक्शन दिया जा चुका है। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना के तहत गरीब परिवारों को प्रतिवर्ष 10 हजार रुपये की सहायता देने के लिए बजट में 500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

औद्योगिक विकास की पहल-राज्य में नई औद्योगिक विकास नीति 2024-2030 एक नवम्बर से लागू हो गई है। राज्य में उद्योगों को बढ़ावा एवं विस्तार देने के लिए नई औद्योगिक नीति में कई रियायती प्रावधान किए गए है। उद्योग विभाग के सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 लागू किया गया है। इस पोर्टल पर एक बार आवेदन करने पर सभी विभागों से क्लीयरेंस मिलेगा। नया रायपुर को आईटी का हब बनाने का काम प्रारंभ किया गया है। दो आईटी कंपनियों से एमओयू किया गया है तथा उन्हें फर्निश्ड बिल्डअप एरिया भी उपलब्ध करा दिया गया है। इन्वेस्ट छत्तीसगढ़ के आयोजन के लिए 5 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। राज्य में आर्थिक विकास की गति बढ़ाने के लिए विशेषज्ञ संस्थाओं से परामर्श करने तथा देश और दुनिया में चल रहे बेस्ट प्रेक्टिसेस को राज्य में लागू करने के लिए छत्तीसगढ़ आर्थिक सलाहकार परिषद का गठन प्रस्तावित है। कोरबा, बिलासपुर इंडस्ट्रियल कॉरीडोर का निर्माण किया जा रहा है।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में विकास-एमबीबीएस की पढ़ाई अब हिंदी माध्यम से भी होगी। स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार के लिए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के साथ ही शहीद वीरनारायण सिंह स्वास्थ्य योजना शुरू की गई है। राज्य के दो बड़े मेडिकल कालेज अस्पतालों, छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस बिलासपुर और मेडिकल कालेज अस्पताल रायपुर के भवन व सुविधाओं के विस्तार का काम शुरू किया गया है।

शिक्षा का कायाकल्प-राज्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू कर दी गई है। पीएम श्री योजना में प्रदेश के 341 स्कूलों को शामिल किया गया है। इस योजना के तहत स्कूलों में बेहतर अधोसंरचना के साथ किचन गार्डन, एआई, रोबोटिक्स, आईसीटी लैब की सुविधा के साथ ग्रीन स्कूल विकसित किए जा रहे हैं। जशपुर, बस्तर, कबीरधाम, रायपुर और रायगढ़ में आईआईटी की तर्ज पर प्रौद्योगिकी संस्थानों का निर्माण किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ी, सरगुजिहा, हल्बी, सादरी, गोंडी और कुडुख समेत 18 स्थानीय भाषा बोली में नई शिक्षा नीति के तहत प्रारंभिक शिक्षाा प्रदान की जा रही है। स्कूलों में न्यौता भोज की अभिनव पहल की गई है। स्कूली बच्चों के प्रदर्शन पर नजर रखने के लिए रायपुर में विद्या समीक्षा केंद्र स्थापित किया गया है। सॉफ्टवेयर एवं मोबाइल एप का विकास तथा काल सेंटर के माध्यम से निगरानी आईआईटी भिलाई के सहयोग से की जा रही है। राज्य में छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा मिशन की स्थापना की जाएगी। राजधानी के नालंदा परिसर की तर्ज पर प्रदेश के 13 नगरीय निकायों में लाइब्रेरी निर्माण का प्रस्ताव। 160 आईटीआई का मॉडल आईटीआई के रूप में उन्नयन किया जा रहा है।

अधोसंरचना विकास-कटघोरा-डोंगरगढ़ रेललाइन के विकास के लिए 300 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा, रावघाट-जगदलपुर, अंबिकापुर-बरवाडीह, धरमजयगढ़-पत्थलगांव-लोहारदगा रेल परियोजनाओं का डीपीआर तैयार किया जा रहा है। राज्य में सड़कों के विकास के लिए केंद्र सरकार ने 11 हजार करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की तर्ज पर छत्तीसगढ़ राज्य राजधानी क्षेत्र तथा संबंधित प्राधिकरण की स्थापना की जा रही है।

संस्कृति-परंपरा, धर्म-राज्य में श्री रामलला अयोध्या धाम दर्शन योजना संचालित की जा रही है। राज्य के पांच शक्तिपीठों के विकास के लिए बजट में 5 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। राजिम मेले का आयोजन राजिम कुंभ कल्प के रूप में किया गया। हर संभाग में एक-एक गौ अभयारण्य की स्थापना का निर्णय। राज्य के आदिवासी क्षेत्रों और अयोध्या धाम तक सीधी कनेक्टिविटी बढ़ाने की साय सरकार की पहल को भारत सरकार की हरी झंडी। बस्तर में प्रचीनकाल से चले आ रहे अनेक एतिहासिक मेलों को सरकारी संरक्षण और सहायता दी जा रही है।

भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस-साय सरकार ने विदेशी मदिरा के थोक विक्रय व भंडारण के लिए प्रचलित एफएल 10 एबी लाइसेंस की व्यवस्था समाप्त कर विनिमार्ताओं से सीधे थोक क्रय करने का निर्णय लिया है। विदेशी मदिरा के क्रय की जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ ब्रेवरेज कार्पोरेशन को दी गई है। खनिजों के परिवहन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए साय सरकार ने ऑनलाइन ट्रांजिट पास की व्यवस्था पुनः प्रारंभ की है।

नक्सल समस्या पर अंकुश-साय के सुशासन में राज्य नक्सल समस्या से मुक्त होने की ओर अग्रसर है। सरकार ने बस्तर अंचल में सुरक्षा बल के 34 कैंप स्थापित किए है। अभी 30 नए कैंप और स्थापित करने की योजना है। राज्य स्तर पर एनआईए की तर्ज पर एसआईए का गठन किया गया है। माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में नए कैंपों के आसपास के 5 किलोमीटर के दायरे में नियद नेल्ला नार यानी आपका अच्छा गांव योजना चलाई जा रही है। इसके तहत 17 विभागों की 53 कल्याणकारी योजनाओं और 28 सामुदायिक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। 100 किमी मार्ग तथा 2 पुल और 52 पुलिया का निर्माण इन क्षेत्रों में किया गया है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सरकारी स्कूलों में कौशल शिक्षा को एकीकृत करने की शुरूआत की गई है। 29 बंद स्कूलों को दोबारा खोला गया। माओवादी आंतक प्रभावित जिलों के विद्यार्थियों को तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा के लिए ब्याज रहित ऋण, अन्य जिलों के विद्यार्थियों को 1 प्रतिशत ब्याज पर ऋण देने का प्रावधान सरकार ने किया है।

जनता से सरोकार-साय सरकार ने जनदर्शन कार्यक्रम की शुरूआत करने के साथ ही भूमि-मकान के पंजीयन पर ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा शुरू की गई है। भूमि संबंधी विवादों के निराकरण के लिए जिओ रिफ्रेंसिंग तकनीक को अपनाया गया है। बस्तर, सरगुजा, मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण तथा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरणों का पुनर्गठन किया गया है। पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पेड़ माँ के नाम मुहिम की शुरूआत की गई है।

कांग्रेस अपनी गंदी राजनीति चमकाने प्रदेश में अशांति और अराजकता फैलाने से बाज नहीं आ रही:चैतराम अटामी

कांग्रेस प्रदेश में अशाति, अराजकता और आतंक फैलाती है और फिर उस आग पर अपना हाथ सेंक कर राजनीती चमकाती है:चैतराम अटामी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा 4 नवंबर। भाजपा जिलाध्यक्ष दंतेवाड़ा व विधायक चैतराम अटामी ने कांग्रेस पार्टी और उसके कार्यकर्ताओ पर प्रदेश में अशांति व अराजकता फ़ैलाने का आरोप लगाते हुए कहा की जब हम प्रदेश का पचीसवां राज्योत्सव मना रहे हैं, बड़े ही दुःख और चिंता के साथ कांग्रेस की कारगुजारियों को आपके बीच रखने की विवशता है।प्रदेश में जहां भी अपराध और तनाव जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही है, उसकी जड़ में कांग्रेस है। हमारा यह स्पष्ट आरोप है कि कांग्रेस जान बूझ कर छत्तीसगढ़ को आग में झोंकना चाहती है। इसलिए पहले खुद अपराध को अंजना देती है। षड्यंत्र रचती है। फिर उस पर सरकार को घेरने में उसके बड़े नेता लग जाते हैं। अटामी ने कहा की यह कांग्रेस की राष्ट्रीय स्तर पर तय हुई साज़िश के तहत हो रहा है कि समूचे देश-प्रदेश को अराजकता में धकेल दो, फिर चुनी हुई सरकारों को अस्थिर करो। भय और आतंक का वातावरण निर्माण करो।छत्तीसगढ़ में भी हर आतंक और अपराध के पीछे कांग्रेस का ही खूनी पंजा है। कांग्रेस लोकसभा चुनाव में मिली करारी हार और छत्तीसगढ़ समेत तमाम राज्यों में हुए सफ़ाये से अब जनता में प्रति बदले की भावना से भरी हुई है। वह समाज में अशांति फैलाने का काम कर रही है। अभी दामाखेड़ा में कबीरपंथ ही नहीं समूचे प्रदेश के आस्था के केंद्र में हमला करने वाला भी कांग्रेस का सक्रिय कार्यकर्ता निकला है। इसका प्रमाण स्वयं प्रकाशमुनि साहब के फेसबुक के पोस्ट में है।प्रकाशमुनि साहेब ने अपने फेसबुक पोस्ट में इस बात का उल्लेख किया है कि इस घटना में भी अपराधी सरपंच पति कांग्रेस पार्टी का ही कार्यकर्ता है।प्रकाशमुनि साहब ने स्पष्ट यह आरोप लगाया है कि दामखेड़ा की घटना को राजनीतिक रंग दिया जा रहा है। कांग्रेस के इस कृत्य की जितनी भर्त्सना की जाय, कम है। इसी तरह आपने देखा कि बलौदाबाजार में किस तरह योजनाबद्ध तरीके से कलेक्टर और एसपी कार्यालय जलाये गये। इस प्रकरण में कांग्रेस के विधायक देवेंद्र यादव के साथ-साथ सैकड़ों कांग्रेसी जेल में बंद हैं। महीनों बाद भी किसी अदालत ने इन्हें अगर जमानत देने लायक भी नहीं पाया है तो समझा जा सकता है कि इनके खिलाफ साक्ष्य कितने मजबूत हैं। इसी तरह सूरजपुर में पुलिस अधिकारी की पत्नी और बच्चे की जघन्य हत्या करने वाला एनएसयूआई का ज़िला महासचिव था तथा एनएसयूआई का जिलाध्यक्ष भी इस घृणित कृत्य में ज़िम्मेदार था। इस घिनौने कृत्य पर भी कांग्रेस उल्टे चोर कोतवाल को डाँटे की तर्ज़ पर राजनीति कर रही थी। सवाल उठता है कि क्या ये अब अपनी गंदी राजनीति चमकाने के लिए नरसंहार आदि को भी प्रायोजित करने से बाज नहीं आ रहे हैं? यह प्रश्न निराधार तो नहीं लगता। अगर ऐसा है, जो कि लग रहा है तो साफ कहा जा सकता है कि कांग्रेस अब एक गिरोह में बदल चुकी है। लोहारीडीह कांड में भी बार बार गाँव में अशांति फैलाने और दो समूहों को लड़वाने का काम कांग्रेस कर रही है। यदि उन्हें पता है कि दोषी और निर्दोष कौन है तो बता दे पुलिस को या पुलिस को जाँच करने दे। यही नहीं केशकाल में युवा कांग्रेस का ब्लॉक उपाध्यक्ष 500 रुपये के लाखों के नक़ली नोट के साथ पुलिस के गिरफ़्त में है। कांग्रेस के नेता और उनसे संबंधित अधिकारियों पर कोयला घोटाला, शराब घोटाला, पीएससी घोटाला, महादेव घोटाला आदि के आरोप हैं।कांग्रेस की इन कृत्यों को छत्तीसगढ़ क़तई सहन नहीं करेगा। भाजपा की हमारी सरकार तो प्रदेश में हर क़ीमत पर शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए कटिबद्ध है ही, हमारा संगठन भी लोकतांत्रिक तरीक़े से कांग्रेस का मुक़ाबला करने तैयार है। अटामी ने कहा की भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा कांग्रेस की आपराधिक कृत्य के विरोध में सभी ज़िला मुख्यालय में पुतला दहन किया जायेगा। कांग्रेस को स्पष्ट चेतावनी दी जा रही है कि वह अपने कृत्यों से बाज आये, अन्यथा उससे हर स्तर पर दो-दो हाथ करने भाजपा के कार्यकर्ता तैयार हैं। कांग्रेस को प्रदेश में अशांति, अराजकता और आतंक फैलाने और फिर उस आग पर अपना हाथ सेंकने की छूट हम बिल्कुल नहीं दे सकते।

दामाखेड़ा की कबीरपंथ के आचार्य जी के निवास में हुए हमले की हम घोर भर्त्सना करते हैं और इसके पीछे के षड्यंत्र का पता लगा कर दोषियों को चाहे वह कितना ही बड़ा कांग्रेसी क्यों न हो, सलाख़ों के पीछे भिजवाये बिना भाजपा चैन से नहीं बैठेगी।

छठ पर्व पर तालाबों में की जाए रोशनी : महापौर

रिसाली, 4 नवंबर। महापौर शशि सिन्हा ने विभागवार समीक्षा की। छठ पर्व को ध्यान में रखते हुए उन्होंने तालाबों के घाट की सफाई करने और तालाब किनारे रोशन करने निर्देश दिए है। महापौर ने विभाग प्रभारी की उपस्थिति में मुख्य बाजार स्थित मार्गो को व्यवस्थित करने के निर्देश भी दिए है।महापौर ने राजस्व और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठकर कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि दीप पर्व के बाद छठ त्यौहार है। बड़ी संख्या में लोग डूबते और ऊगते सूरज का अर्ध देने पहुचेंगे। इसे देखते हूए तालाब के घाट और आस पास खाली जगहों की बेहतर तरीके से सफाई करे। उन्होंने नेवई डेम, हिन्द नगर तालाब और कल्याणी मंदिर तालाब, रूआबांधा तालाब पर विशेष व्यवस्था के निर्देश दिए है। बैठक में एमआईसी संजू नेताम, जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, चन्द्रप्रकाश निगम, सनीर साहू, सीमा साहू, परमेश्वर देवदास आदि उपस्थित थे।अतिक्रमणकारियों के खिलाफ करे कार्रवाई-महापौर ने निर्देश दिए कि कृष्णा टॉकिज रोड में अधिकांश दुकानदार बढ़ाकर व्यापार कर रहे है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अतिक्रमण हटाकर मार्ग को सुगम बनाए। महापौर परिषद के सद्स्यों ने कर संग्रहण के संबंध में भी चर्चा की और विशेष मॉनिटरिंग करने कहा। इसके अलावा महापौर परिषद के सद्स्यों ने समीक्षा बैठक में नाली पर स्लैब ढालने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई के निर्देश दिए है।

5 नवम्बर को राज्योत्सव की तैयारी के लिए नामजद अधिकारी नियुक्त

बीजापुर, 4 नवंबर। साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने 5 नवंबर को आयोजित होने राज्योत्सव गरिमामय ढंग से आयोजित करने नामजद अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी। कार्यक्रम स्थल मिनी स्टेडियम में विभागीय योजनाओं की प्रदर्शनी एवं स्थानीय कलाकारों के सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केन्द्र रहेगा।राज्योत्सव के दौरान बिजली, पानी, टेंट, साफ-सफाई एवं सुरक्षा संबंधी विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नियद नेल्लानार योजनान्तर्गत 50 बिन्दुओं का सर्वे कार्य एवं डैशबोर्ड पर एंट्री की कार्यवाही जल्द पूर्ण करने जन्म के साथ प्रदाय की जाने वाली जाति प्रमाण पत्र सहित आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र एवं राशन कार्ड में नाम प्रतिष्टि के कार्यों को गति लाने सहित स्थानीय स्तर पर गांवो में कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराने के निर्देश दिए। ताकि सुदूर क्षेत्रों के ग्रामीणों को भी आवश्यक दस्तावेज बनाने के लिए गर्भवती माता का प्रसव के दौरान अस्पताल में भर्ती होते समय सभी आवश्यक दस्तावेज लेकर अस्पताल पहुंचे ।ताकि जन्म के बाद नवजात शिशु का सभी आवश्यक दस्तावेज बिना किसी विलंब के निर्धारित समय पर बनना सुनिश्चित हो सके।

शासन के आदेश की उड़ी धज्जियां

बिना वेतन शिक्षा दूतों की सूनी रही दीवाली

डीईओ की लापरवाही से तीन महीने से वेतन के लिए तरस रहे शिक्षा दूत

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भोपालपटनम, 4 नवंबर। बीजापुर की शिक्षा व्यवस्था इन दिनों बदहाली की कगार पर है । बच्चों की आवासीय और शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार की नाकामी के बाद अब ज्ञान देने वाले गुरूजी की तनख्वाह भी जिला शिक्षा अधिकारी को चुभने लगी है । अंदरूनी क्षेत्रों में चुनौती पूर्ण हालातो में शिक्षा की अलख जला रहे शिक्षादूतों की दिवाली मायूसी में बीती । बिना वेतन के जिले के तक़रीबन 350 शिक्षादूतों के घरों में खुशी के दिये भी नही जल सके । शासन के स्पष्ट निर्देश के बावजूद जिला शिक्षा अधिकारी ने दिवाली के पहले वेतन देना मुनासिब नही समझा और शासन के निर्देश को दरकिनार कर खुद दिवाली मनाने चले गये । गौरतलब है कि जिला प्रशासन ने बीते 4 साल में जिले के माओवाद प्रभावित इलाकों में तक़रीबन 250 स्कूल रेओपन किये है जिसमे 350 शिक्षादूत स्थानीय स्तर पर भरती की गई है । इन शिक्षादूतो को डीएमएफ फंड से डीईओ द्वारा वेतन भुगतान की व्यवस्था की गई है । चालू शिक्षा सत्र में जुलाई महीने के बाद शिक्षा दूतों को वेतन भुगतान नही किया गया है जिससे उनके सामने भरण पोषण की समस्या आ खड़ी हुई है । शिक्षादूत लगातार विभागीय अधिकारियों से वेतन भुगतान की गुहार लगाते रह गये लेकिन विभाग पर उनकी गुहार का कोई असर नही हुआ । शिक्षादूत संगठन के सचिव गभीर तेलम ने बताया कि वेतन अगस्त से अब तक नही मिला है । शासन ने दिवाली से पहले वेतन देने कि बात कही तो इस बार दिवाली से पहले वेतन मिलेगा ऐसी उम्मीद थी लेकिन अधिकारियों ने हमारी तरफ ध्यान नही दिया और हम लोग त्योहार भी नही मना पाये । डीईओ रमेश निषाद ने बताया कि शिक्षा दूतों का वेतन का आवंटन नहीं प्राप्त हुआ है इस वजह से उन लोगों का वेतन भुगतान नहीं किया गया है,जैसे ही आवंटन आएगा भुगतान कर दिया जाएगा।

बस स्टैंड की मोबाइल दुकान में लाखों की चोरी करने वाले 24 घण्टे के भीतर गिरफ्तार

केशकाल, 4 नवंबर। केशकाल थाना क्षेत्र अंतर्गत बोरगांव निवासी प्रार्थी जितेंद्र गांधी ने दिनांक 02/11/2024 की सुबह केशकाल थाना आकर लिखित रिपोर्ट दर्ज करवाया कि दिनांक 01/11/2024 व 02/11/2024 की मध्यरात्रि को प्रार्थी के मोबाइल दुकान पर वित्सी अज्ञात चोर के द्वारा मोबाइल एवं काउंटर में रखे नकदी पैसे करीबन 20,000 रुपए को किसी अज्ञात चोर के द्वारा चोरी करने की सूचना प्राप्त हुई है। जिससे थाना स्टाफ मौका मुआयना कर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 331 (4) एवं 305 (ए) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं घटना की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करवाया गया। जिस पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री वाय. अक्षय कुमार (भापुसे) के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री के.डी पटेल के मार्गदर्शन पर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री भूपत सिंह धनेश्री के पर्यवेक्षण में अज्ञात चोरो की पत्तासाजी हेतु थाना प्रभारी निरी. विकास बघेल के साथ जिला सायबर सेल के प्रभारी अधिकारी को निर्देशित करते हुए अज्ञात चोरों की पतासाजी शुरू की गई।केशकाल पुलिस एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम ने ततपरता दिखाते हुए तकनीकी संसाधनों की मदद से घटना में संलिप्त दोनों आरोपियों की पता तलाश शुरू की। इस दौरान सीसीटीवी पुन्टेन एवं चोरी किए गए मोबाइल की आईएमईआई नम्बर के माध्यम से पुलिस को सूचना मिली कि संदेही सोनू उर्फ गोपाल यादव जो बिगत 3 वर्षों से केशकाल में ही किराए के मकान में निवासरत है उसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी सोनू यादव से पूछताछ करने पर उसने अपने दोस्त संतोष विश्वकर्मा के साथ मिलकर घटना दिनांक की मध्यरात्रि को गांधी मोबाइल में शटर को उठाकर अंदर घुसकर अलग अलग कंपनी के मोबाइल नग एवं काउंटर में रखे चिल्हर नगद रुपए को चोरी करना स्वीकार किए। संदेही आरोपी सोनू यादव उर्फ गोपाल से 03 मोबाइल तथा नकद 6708 बरामद किया गया। तथा आरोपी संतोष विश्वकर्मा के कब्जे से 3 नग मोबाइल व नकदी 10860 रुपए कुल जुमला 1,60,728 रू. बरामद किया गया। दोनों आरोपियों के द्वारा अपराध करना स्वीकार करने के परिणास्वरूप आरोपियों को आजदिनांक 03/11/2024 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर जेल दाखिल किया जा रहा है। सम्पूर्ण कार्यवाही में साइबर सेल प्रभारी डीएसपी श्री सतीश भार्गव, थाना प्रभारी निरी. विकास बघेल, उपनि, संजय ब?ट्टी स.उ.नि हेमंत देवांगन, प्र.आर. माधुरी रावते, प्र.आर. अजय बघेल, ऋतुराज सिंह ललित नेत्ताम, आर. अजय देवांगन, संतोष कोडोपी, बीजू यादव, अमित मण्डावी, अहिल्या यादव, उमेश मानिकपुरी, मनोहर निषाद की अहम भूमिका रही।

खड़मा के ओम शांति भवन में धूमधाम से मनाया दीपोत्सव पर्व

दीपावली विश्व परिवर्तन यादगार पर्व:ब्रह्माकुमारी अंशु दीदी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरा, 4 नवंबर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय खड़मा के ओम शांति भवन में दीपोत्सव मनाया गया। ब्रह्माकुमारी बीके अंशु दीदी ने दीपावली का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि दीपावली जागती जोत परमपिता परमात्मा ज्योर्तिलिंगम शिव द्वारा आत्माओं की ज्योति प्रज्वलित कर विश्व परिवर्तन का संस्मरण यादगार पर्व है। ब्रह्माकुमारी दीदी ने बताये कि दीपावली पर घरों की सफाई करते हैं, दीपक जलाते हैं,माता लक्ष्मी की पूजा करते हैं, नया खाता शुरू करते हैं। निश्चित रूप से इन सभी परंपराओं एवं प्रथाओं के पीछे एक सुंदर आध्यात्मिक रहस्य छुपा हैद्य जो कार्तिक मास की अमावस्या के गहन अंधकार में प्रकाश पर्व दीपावली मनाने का स्पष्ट संदेश है कि काम, क्रोध ,लोभ एवं अहंकार के अज्ञानता रूपी अंधकार में भटकते मनुष्य को ज्ञान के प्रकाश की जरूरत है। साफ सफाई का रहस्य मन, वचन ,कर्म की पवित्रता नया खाता आरंभ करने का अर्थ है अपने पुराने विकारों का खाता परमात्मा की याद से खत्म कर नए जीवन का आरंभ करना। दीपक जलाने का अर्थ है परम ज्योति पिता परमात्मा शिव से आत्मा रूपी दीपक को सदा के लिए ज्योतिर्मय कर लेना जिसके पावन प्रकाश से संपूर्ण विश्व आलोकित हो जाये। अनुकरणीय है कि यदि माता लक्ष्मी को स्वच्छता अति प्रिय है इसीलिए वह हमारे पास आती हैं तो क्यों न हम मन, वचन, कर्म की पवित्रता सदा के लिए धारण कर लें, जिससे माता लक्ष्मी की सदा हम पर कृपा बनी रहे। इस दीपावली पर हम मन वचन और कर्म की पवित्रता का व्रत लेकर संपूर्ण विश्व में सद्भावना, शुभकामना एवं सद्ज्ञान का प्रकाश फैलाने का संकल्प कर सच्ची दिवाली मनायें। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी चंद्रिका दीदी, बीके गोविंद , बीके सियाराम दादा ने सभा मे मौजूद सभी ब्रह्मावत्सो को दीपावली की शुभकामनाएं दिए एवं आस पास के गांव से पहुंचे सभी ब्रह्मावतसो ने सामूहिक दीप प्रज्वलित कर सकारात्मक ऊर्जा के संचार करने में संचार करने में अपना योगदान दिया। इस अवसर पर खड़मा,छुरा,गायडबरी , करचाली , पीपरछेड़ी,कनेसर , मड़ेली आदि ग्रामो के ब्रह्माकुमारी गीता पाठ शाला के लोग मौजूद थे।

कलेक्टर ने स्टेडियम में तैयारियों का लिया जायजा

महासमुंद 4 नवंबर । राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 05 नवम्बर को जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम में आयोजित समारोह में खाद्य मंत्री एवं प्रभारी मंत्री श्री दयालदास बघेल मुख्य अतिथि होंगे। कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने आज स्थानीय मिनी स्टेडियम पहुंचकर राज्योत्सव की तैयारियों का जायजा लिया एवं संबंधित जिला अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्योत्सव जिला मुख्यालय महासमुंद स्थित शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय मिनी स्टेडियम में 05 नवंबर को राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन पूर्ण गरिमा और उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व वर्ष की भांति जिला मुख्यालय में कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों की विशेष उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी लगायी जाएगी। जिसमें राज्य शासन की विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं एवं सफल परियोजनाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। राज्योत्सव में स्थानीय और राज्य की संस्कृतियों का सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से छटा बिखेरेगी। कार्यक्रम में कवि सुरेन्द्र दुबे की कविताए, महतारी लोककला मंच खरोरा द्वारा छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति को दर्शाएगी और अलंकार बैंड पार्टी का संगीतमयी कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। उन्होंने मंच सहित स्टॉल और बैठक व्यवस्था, पार्किंग आदि की तैयारी समय पूर्व करने कहा है। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री एस. आलोक, अपर कलेक्टर श्री रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी श्री हरिशंकर पैकरा सहित समाज कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य, लोक निर्माण सहित विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर श्री लंगेह ने राज्योत्सव के सफल एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न करने के दृष्टिकोण से अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी महासमुंद श्री रवि कुमार साहू राज्योत्सव के नोडल अधिकारी एवं एस डी एम महासमुंद श्री हरिशंकर पैकरा सहायक नोडल अधिकारी होंगे। कार्यक्रम में पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था की जाएगी। इसी तरह वन विभाग को बेरिकेटिंग हेतु बांस बल्ली की व्यवस्था, मुख्य नगर पालिका अधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर साफ सफाई, पेयजल, पानी टैंकर एवं शौचालय व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कृषि, मत्स्य, महिला बाल विकास, कृषि विज्ञान केंद्र एवं ग्रामीण यांत्रिक सेवा संभाग को कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विकास, उपलब्धियों, महत्वपूर्ण योजनाओं एवं सफल परियोजनाओं का प्रदर्शन करने कहा है। उद्यानिकी विभाग को मंच सजावट एवं फूल, बुके की व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, प्रदर्शनी हेतु पंडाल की व्यवस्था एन आर एल एम एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा की जाएगी। इसी तरह पेयजल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जाएगी। कलेक्टर ने सभी विभाग को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए सौंपे हुए दायित्वों का गंभीरता से संपादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

ठेकेदार पर सात दिन के अल्टीमेटम का नहीं हो रहा असर

विधायक को ज्ञापन सौंपकर महिलाओ के अलावा कांग्रेस ने भी दी थी चेतावनी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

पत्थलगांव, 4 नवंबर। इंदिरा चौक से शुरू होने वाले रायगढ़ रोड की हालत बेहद खराब हो चुकी है। सडक की दुर्दशा का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अब सभ्रांत घर की महिलायें सडक पर उतर चुकी है,उन्होंने दो दिन पहले विधायक निवास पहुंचकर गोमती साय को रायगढ़ रोड की सडक सुधारवाने का अल्टीमेटम दिया। महिलाओं ने सात दिन के भीतर सड़क की दशा ना सुधरने पर चक्का जाम करने की भी बात कही है,इस बात पर विधायक गोमती साय ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को फटकार तो लगा दी परंतु रायगढ़ रोड बनाने वाले ठेकेदार की सुस्त गति पर सात दिन के अल्टीमेटम का कोई असर होता दिखायी नही दे रहा। महिलाओ का अल्टीमेटम पहली मर्तबा नही है,इससे पहले भी इस सडक को बनवाने के लिए युवक कांग्रेस के सदस्यों ने रैली निकालकर लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को ज्ञापन सौंपा था,उन्होंने भी सात दिवस के भितर सड़क ना बनने की दशा मे उग्र आंदोलन की चेतावनी दी थी। परंतु विभाग के अलावा सुस्त ठेकेदार पर अनेक संगठनो द्वारा दिये जा रहे सात दिन के अल्टीमेटम का कोई असर दिखाई नही दे रहा। तीन दिन बितने के बाद भी रायगढ रोड की दशा जस की तस है,महिलाओ ने तीन दिन पहले रायगढ़ रोड की स्थिति में सुधार करने के लिए विधायक गोमती साय से मुलाकात की थी। महिलाओं का कहना था कि अनेक स्कूलों के अलावा बड़ी आबादी रायगढ़ रोड के ईद गिर्द निवास करती है,परंतु उसके बाद भी बीते एक दशक से रायगढ रोड की सड़क बेहद खराब हो चुकी है। बारिश के दिन मे जानलेवा गड्ढे और अब सुखे के दिनो मे धूल के गुब्बार के कारण घर से निकलना मुश्किल हो चुका है,उसके अलावा इस रोड के अधिकांश बसिंदो को घातक बिमारी भी अपनी चपेट मे ले रही है। रायगढ रोड की महिलाओं ने गोमती साय के विधायक बनने के बाद रायगढ़ रोड की बनने की आस जगने की भी बात बताई।

ठेकेदार को जारी हुआ नोटिस-:शहर के लोगों की सड़कों को लेकर दुर्दशा कम होने का नाम नही ले रही। कांग्रेस के शासनकाल में हाटी से लेकर पत्थलगांव के इंदिरा चौक तक नयी सडक बनाने का टेंडर लगे तीन साल बीत गये,परंतु ठेकेदार ने आज तक हाटी से लेकर पत्थलगांव तक तीन किलोमीटर की भी सडक चलने लायक नही बनायी। संबंधित विभाग ने ठेकेदार को अनेक बार नोटिस तामिल किया जा चुका है,परंतु संसाधन विहिन रहने के कारण तीन साल के दौरान भी रायगढ रोड की सडक जस की तस है।।

पांच किलोमीटर मे पांच सौ गड्ढे-:इंदिरा चौक से लेकर नंदनझरिया तक पांच किलोमीटर की सडक जो दो जिलो को जोडने का काम करती है इस सडक मे पांच सौ से भी अधिक जानलेवा गडढे बने हुये है। पांच किलोमीटर का सफर तय करने के दौरान अक्सर लोग दुर्घटना ग्रसित हो रहे है,जो वाहन चालक इस दुरी को सही सलामत पार कर ले रहे है उन्हे पांच किलोमीटर के अंदर लगभग आधे घंटे से भी उपर का सफर तय करना पड रहा है,जिसके कारण अब वाहन चालक इस मार्ग मे चलने से परहेज करने लगे है।।

एक नजर

राज्योत्सव कार्यक्रम में दयालदास बघेल होंगे मुख्य अतिथि

महासमुंद 4 नवंबर । छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय महासमुन्द में 05 नवम्बर को आयोजित राज्योत्सव का शुभारम्भ मिनी स्टेडियम महासमुन्द में शाम 04:00 बजे से होगा। समारोह के मुख्य अतिथि खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण एवं प्रभारी मंत्री श्री दयालदास बघेल होंगे। इस अवसर पर सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, विधायक महासमुंद श्री योगेश्वर राजू सिन्हा, विधायक बसना श्री संपत अग्रवाल, विधायक खल्लारी श्री द्वारकाधीश यादव, विधायक सरायपाली श्रीमती चातुरीनंद, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उषा पटेल, नगरपालिका अध्यक्ष महासमुंद श्रीमती राशि महिलांग, जनपद अध्यक्ष श्री यतेंद्र साहू, नगरपालिका अध्यक्ष सरायपाली श्री चंद्रकुमार पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष बागबाहरा श्रीमती स्मृति हितेश चंद्राकर, नगरपालिका अध्यक्ष बागबाहरा श्रीमती हीरा संतराम बघेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष सरायपाली श्रीमती कुमारी भास्कर, नगर पंचायत अध्यक्ष तुमगांव श्री राकेश चंद्राकर, जनपद पंचायत अध्यक्ष बसना श्रीमती रुक्मणी सुभाषचंद्र पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष बसना श्री गजेंद्र साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष पिथौरा श्री सत्यभामा नाग एवं नगर पंचायत अध्यक्ष पिथौरा श्री आत्माराम यादव के विशिष्ट आतिथ्य एवं गणमान्य अतिथियो, नागरिकों की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम होगा।शाम 04:00 बजे से अतिथियों का आगमन होगा और वे विभागीय स्टॉल का अवलोकन करेंगे। शाम 05:00 बजे से छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। जिसमें कवि पद्मश्री डॉ. सुरेन्द्र दुबे अपने मनभावन कविताओं से समा बांधेंगे। महतारी लोक कला मंच खरोरा की प्रस्तुति से छत्तीसगढ़ी की समृद्ध लोक संस्कृति की छटा बिखेरेगी तथा अलंकार बैंड पार्टी की रंगारंग संगीतमयी कार्यक्रम की धूम रहेगी।राज्योत्सव में जिला पंचायत, स्वास्थ्य विभाग, कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, पशु चिकित्सा, जल संसाधन, आदिवासी विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, क्रेडा, जल संसाधन, जिला परिवहन, पुलिस विभाग, जिला सेनानी, रेशम, आईटीआई, विधिक सेवा प्राधिकरण, बैंक, जनसंपर्क, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, वन विभाग, श्रम विभाग, महिला बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा विकास कार्यों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। समारोह में स्थानीय लोक कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। राज्योत्सव की गरिमामय आयोजन के लिए कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह द्वारा सतत निर्देश दिए जा रहे हैं।

इलाज का पैसा नहीं दिया,मारपीट की

भिलाई, 4 नवंबर। भिलाई खुर्सीपार के दारू भट्ठी के सामने चखना बेचने वाले अमित मौर्या ने खुर्सीपार के एक निजी अस्पताल संचालक से मारपीट की किसी वाहन की टक्कर से चोटिल होकर आरोपित रात को अस्पताल पहुंचा था। वहां उसे भर्ती होने के लिए कहा गया तो उसने इन्कार कर दिया। प्रारंभिक उपचार के खर्च का भुगतान करने के लिए कहा गया तो उसने अस्पताल संचालक से उल्टे शराब पीने के लिए रुपयों की मांग की और मना करने पर वहां मारपीट की। इसका यह पूरा वीडियो अस्पताल के सीसीटीवी कैमरे में रिकार्ड हुआ है। घटना की शिकायत खुर्सीपार थाने पहुंची। पुलिस ने आरोपित अमित के खिलाफ प्राथमिकी कर जेल भेजा है खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि राजीव नगर खुर्सीपार निवासी आरोपित अमित मौर्या खुर्सीपार दारू भट्ठी के सामने चखना सेंटर चलाता है। पैर में चोट लगने से रात करीब नौ बजे वह खुर्सीपार के आइएमआइ अस्पताल पहुंचा था। अस्पताल में भर्ती होने से मना करने पर संचालक राजेश कुमार ने आरोपित को प्रारंभिक उपचार में हुए खर्च 700 रुपये का भुगतान करने के लिए कहा। इस पर आरोपित उल्टा एक हजार रुपये मांगने लगा और बोला कि वह शराब पीएगा तो पूरी तरह से ठीक हो जाएगा। घटना के समय भी आरोपित अमित शराब के नशे में था। रुपये देने से मना किए जाने के बाद आरोपित ने अस्पताल संचालक राजेश से मारपीट शुरू कर दी। बीच- बचाव करने आई उनकी पत्नी ममता और ड्राइवर कृष्णा साहू को भी मारा अस्पतालों की सुरक्षा को लेकर एसपी ने दिए विशेष निर्देश यहां उल्लेखनीय है कि कोलकाता में ट्रेनी डाक्टर से दरिंदगी की घटना के बाद दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला ने जिले के सभी अस्पतालों की सुरक्षा के लिए विशेष निर्देश दिए थे। इसके तहत जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया था कि वे अपने-अपने क्षेत्र में संचालित सभी अस्पताल में रोजाना सुबह-शाम के समय जाकर वहां के सभी स्टाफ की खैरियत पूछें, लेकिन इस निर्देश का कभी पालन नहीं हुआ खुर्सीपार दारू भट्ठी के पास चखना बेचता है

राज्योत्सव में विधायक विक्रम उसेंडी होंगे मुख्य अतिथि

बीजापुर 4 नवम्बर । राज्य शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले में 5 नवंबर 2024 को बीजापुर के मिनी स्टेडियम में राज्योत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। उक्त आयोजन में विधायक श्री विक्रम उसेंडी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे।

मंगलवार 5 नवम्बर को होने वाला जन चौपाल स्थगित

महासमुन्द 4 नवंबर। जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में हर मंगलवार को आयोजित होने वाले जन चौपाल को जिले में आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम के परिप्रेक्ष्य में 5 नवंबर को स्थगित किया गया है। आगामी जन चौपाल कार्यक्रम यथावत रहेगा।

धर्मांतरण को लेकर मिट्टूमुडा में हुआ बवाल

- पुलिस ने चार लोगों को किया गिरफ्तार

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 4 नवम्बर। जिला मुख्यालय में धर्मांतरण का एक और मामला सामने आया है। हिंदु संगठन के सदस्यों की शिकायत के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आधे दर्जन से भी अधिक लोगों को पकडक़र आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मिली जानकारी के मुताबिक जूटमिल क्षेत्र में अंतर्गत आने वाले मिटुमुडा मोहल्ले के स्थित संतोष चौहान के मकान में आज सुबह प्रार्थना सभा की जानकारी हिंदु संगठन के पदाधिकारियों को लगी तब वे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और फिर नारेबाजी करते हुए पुलिस का इस मामले से अवगत कराया। मौके पर पहुंची पुलिस ने सात लोगों को हिरासत में लेने के साथ-साथ कुछ सामानों को जब्त कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

हिंदु संगठन के नेता व एबीवीपी के पदाधिकारी अंशु टूटेजा ने बताया कि बीते कई महीनों से हमे सूचना मिल रही कि यहां प्रार्थना के बहाने धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। इस सूचना पर उनके द्वारा लगातार रेकी की जा रही थी। इसी बीच आज सुबह जानकारी मिली कि मिटुमुडा के संतोष चौहान के मकान में भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित होकर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। उनकी टीम जब यहां पहुंची तब उन्होंने सुना कि सडक तक आवाज आ रही थी और लोगों को प्रभु ऐश के ताकतों के बारे में बताया जा रहा था।

इतना ही नही उनके द्वारा लोगों से यह भी कहा जा रहा था कि हिंदु देवी देवताओं में अब ताकत नही बची है आप लोग हमारे साथ जुडिये आप सभी के दुख तकलीफ दूर होगी। अंशु टूटेजा ने बताया कि इसके बाद उन्होंने इस मामले की जानकारी पुलिस को दी और जब वे अंदर पहुंचे तो वहां मौजूद महिलाओं ने कहा कि वे बस चार लोग है जब वे अंदर पहुंचे तो देखा कि 15 से 20 महिलाएं प्रार्थना कर रही थी। काफी तादाद में वहां से सामान बरामद किया गया है। हम चाहते हैं जो भी धर्मांतरण करवाता है उसके खिलाफ सख्स से सख्त कार्रवाई हो। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम ने बताया कि जांच के लिये मिटुमुडा पुलिस टीम पहुंची है। जांच के बाद ही वैधानिक कार्रवाई की जा जाएगी।

कोर्ट ने आरोपियों को भेजा जेल

एडिशनल एसपी आकाश मरकाम ने बताया कि धर्मांतरण मामले में एक ही परिवार के 4 लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। आरोपियों में संतोष सिंह चौहानए उसकी पत्नी सुषमा सिंहए बहू दयामति और बेटी तृसी सिंह का नाम शामिल हैं। आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गयाए जहां से कोर्ट ने जेल भेज दिया है।

धर्मांतरण किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं:उमेश

जिला भाजपा अध्यक्ष ने कहा प्रदेश में अब कांग्रेस सरकार बदल गई धर्मांतरण की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जाहिर करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने धर्मांतरण करने में शामिल लोगों को दो टूक कहा कि प्रदेश में अब कांग्रेस सरकार बदल चुकी है और विष्णु देव साय सरकार आ गई है जो किसी भी कीमत पर धर्मांतरण को स्वीकार नहीं करेगी। भारतीय न्याय संहिता के तहत भी धर्मांतरण को संज्ञेय अपराध माना गया है और कानून अपने हाथ में लेने का प्रयास नहीं किया जाना चाहिए। युवा भाजपा नेता ने कहा धर्मांतरण संवेदनशील मुद्दा है भाजपा इस मुद्दे को सख्ती से निपटना जानती है। धर्मांतरण में शामिल लोग समय रहते चेत जाए अन्यथा इसका दुष्परिणाम झेलने तैयार रहे। शिक्षा और स्वास्थ्य की आड़ में प्रार्थना सभा कर धर्मांतरण किया जा रहा है। बटेंगे तो कटेंगे बयान को दोहराते हुए कहा हिंदुत्व को कमजोर करने के लिए ईसाई मिशनरियां धर्मांतरण पर मिशन की तरह कार्य कर रही है भोले भाले हिंदू धर्म से जुड़े लोगो को चिकित्सा स्वास्थ्य शिक्षा का प्रलोभन देकर बड़े पैमाने पर धर्मांतरण किया जा रहा। भाजपा यह गैर कानूनी कार्य स्वीकार्य नहीं करेगी। बढ़ते धर्मांतरण पर सख्ती से रोक लगाने की आवश्यकता जताते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष ने कहा आस पास धर्मांतरण से जुड़े संदिग्ध गतिविधि होने पर तत्काल सूचित करे जिससे धर्मांतरण की गतिविधियों पर कानून सम्मत रोक लगाई जा सके।

5 नवम्बर को राज्योत्सव, एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजेगी शाम

- लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया होंगे मुख्य अतिथि
- शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में होगा आयोजन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 4 नवम्बर। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस समारोह का जिला स्तरीय आयोजन 5 नवम्बर 2024 को संध्या 5.30 बजे से शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम, रायगढ़ में होगा। राज्योत्सव समारोह के मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद श्री राधेश्याम राठिया होंगे। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा शासन की योजनाओं के संबंध में प्रदर्शनी लगाई जाएगी व सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा।

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस समारोह के शुभारंभ के अवसर पर 5 नवम्बर को संध्या 6.30 बजे से शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम, रायगढ़ में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमें सुश्री गीतिका वैष्णव एवं साथी कलाकार गणेश वंदना एवं राज्यगीत की प्रस्तुति देंगे। तत्पश्चात स्नेहा परिमिता स्वाईन एवं साथी (शरद वैष्णव) द्वारा कथक शिव वंदना-अर्द्धनारीश्वर एवं ओ.पी.जिंदल स्कूल तराईमाल करमा लोक नृत्य पर प्रस्तुति देंगे। इसी तरह पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तमनार द्वारा संबलपुरी लोक नृत्य, सेन्ट टेरेसा स्कूल रायगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य, साधुराम विद्या मंदिर रायगढ़ द्वारा भरतनाट्यम वाराह अवतार, सरदार वल्लभभाई पटेल शास.उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम रायगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य, सेन्ट जेवियर स्कूल रायगढ़-लावणी, मराठी लोक नृत्य पर प्रस्तुति देंगे। समारोह में श्री देवेश शर्मा जसगीत की प्रस्तुति देंगे। इसी तरह श्रीमती पूजा जैन एवं समूह, रायगढ़ द्वारा कथक तथा रायगढ़ के विजय सिंह एवं समूह छत्तीसगढ़ी लोक मंच पर प्रस्तुति देंगे।

भाजपा मंडल चुनाव के लिए गिरधर, विजय, गुरुपाल, विवेक, विकास, अरुणधर सहित 23 को मिली जिम्मेदारी

रायगढ़, 4 नवम्बर। जिले में बीजेपी के 23 मंडल में चुनाव करवाने के लिए जिला पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। सभी मंडलों के लिए चुनाव अधिकारी के साथ ही 2.2 सहयोगी भी बनाए गए हैं। पूर्व विधायक विजय अग्रवाल, गिरधर गुप्ता, गुरुपाल भल्ला, विवेकरंजन सिन्हा, विकास केडिया, अरूणधर दीवान सहित 23 पदाधिकारी और उनके साथ 2-2 सहयोगी भी बनाए गए हैं।

बालीवाल प्रतियोगिता का नीना रावतिया ने किया शुभारंभ

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर, 4 नवम्बर ग्राम बोरजे मे पंचायत स्तरीय बॉलीबाल प्रतियोगिता श्रीमती बालिबाई कावरे के स्मृति मे चन्द्रक्का माता बॉलीबाल क्लब बोरजे-1 के तत्वाधान मे आयोजित खेल का उद्घघाटन क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य श्रीमति नीना रावतिया उद्दे जी के द्वारा किया गया इस अवसर पर ग्राम पंचायत बोरजे के सरपंच श्री रमेश यालम जी, उपसरपंच श्री ब्रिज कावरे जी, आंगनपल्ली पाण्डु जी, जुमार पाण्डु जी, सुनील मड़े जी, राजेश माड़े जी, दिलीप माड़े जी, वेंकट अंगणपल्ली जी, राजू गंधरला जी के साथ साथ पापनपाल व चेरपाल्ली टीम के खिलाडी व बड़ी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित थे।

शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने जलाया एक दीप अपनी मांगों के नाम

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर, 4 नवंबर। छग शिक्षक संघर्ष मोर्चा के आह्वान बीजापुर जिले के चारों विकास खण्ड मुख्यालयों मे एक दीप अपनी माँगों के नाम जलाया।आंदोलन के तीसरे चरण मे 1 नवंबर राज्योत्सव एवं दीपावली के अवसर पर पूरे प्रदेश के शिक्षकों ने दीप प्रज्जवलित कर शासन -प्रशासन को अपनी माँगों की ?र ध्यान आकृष्ट कराया।शिक्षक मोर्चा के सचिव कैलाश रामटेके ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि जिला मुख्यालय जय स्तंभ चौक पर जिला संचालक राजेश मिश्रा एवं अलीम रिजवी एवं सह संचालक कैलाश रामटेके के नेतृत्व मे जिला मुख्यालय के शिक्षको ने दीप प्रज्जवलित कर अपनी माँगो की याद दिलायी।महिला शिक्षिकाओं आर ममता राव ,लक्ष्मी वैद्द,ममता कमल आदि ने थाली मे दीप सजाकर जय स्तंभ चौक पर रखा।कार्यकम मे महामंत्री वसीम खान,मधुसूदन मोरला, रमन झा,आशीष पाण्डेय,राजेन्द्र ठाकुर,महेश यालम,मनोज कावटी,अरुन सिंग,मोहन तोगर,सुरेश नरेटी,भिखारी राम माँझी,सत्यम झाड़ी मोगली गट्टैयाआदि शिक्षक मौजूद थे।वहीं भैरमगढ़ मे ब्लाक संचालक शिव पूनेम ने सपरिवार दीप जलाकर माँगे दोहराई।विकास खण्ड उसूर मे जिला सहसंचालक रुद्र प्रताप झाड़ी एवं ब्लाक सहसंचालक अनिल झाड़ी ने सपरिवार डॉ.भीम राव अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर शिक्षकों की माँगों की ओर ध्यान आकृष्ट कराया।विकास खण्ड भोपाल पटनम मे ब्लाक संचालक योगेश वासम के नेतृत्व मे डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक मे उनकी प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर अपनी माँगे दोहराई।दीप प्रज्जवलित कार्यक्रम मे अनिल जाटव,संजय चिंतुर,महेश बोज्जी,अहंकारी राजन्ना,मनोज कोड़े,सुरेश गोटा ,आलम कामेश्वर,प्रशाँत पामभाई आदि शिक्षकों ने अपनी माँगों को लेकर नारे बाजी की।प्रमुख माँगों को लेकर आंदोलन के प्रथम चरण मे 2 अक्टूबर गाँधी जयंती के दिन प्रदेश के शिक्षकों द्वारा राजधानी मे सत्याग्रह किया गया।द्वितीय चरण मे 24 अक्टूबर को प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों मे धरना - प्रर्दशन एवं रैली के माध्यम से मुख्यमंत्री सहित विभागिय मंत्रियों वा सचिवो को ज्ञापन सौंपा गया।तृतीय चरण मे दीप जलाकर शासन प्रशासन का घ्यान आकृष्ट किया गया।फिर भी शासन -प्रशासन द्वारा माँगे नही मानने पर उग्र आंदोलन किया जावेगा।प्रमुख माँगों मे पूर्व सेवा गणना,वेतन विसंगति दूर करना,1.86 गुणांक मे वेतन निर्धारण,क्रमोन्नति/समयमान वेतन,उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार कमोन्नति हेतु आदेश,20 वर्ष की सेवा मे पूर्ण पेंशन वा 10 वर्ष की सेवा मे अनुपातिक पेंशन एवं जुलाई 2019 से डी ए एरीयर्स की राशि प्रदाय की जावे।

भाजपा कार्यालय में एक दिवसीय सदस्यता अभियान व संगठन चुनाव महापर्व पर बैठक हुई

बीजापुर, 4 नवंबर। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री श्रीनिवास मुदलियार जी, की अध्यक्षता में बैठक हुआ। मुख्यअतिथि रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री गौतम गोलछा जी, ने संगठन चुनाव का सम्पूर्ण जानकारी दिए। एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्री श्रीनिवास मुदलियार जी,द्वारा संगठन(चुनाव)सम्पन्न करने हेतु मंडल चुनाव संयोजक एवं सहसंयोजक की नियुक्ति किया गया,व सक्रिय सदस्यता 100+ सदस्य बनाएं उन कार्यकर्ताओं को सक्रिय सदस्यता फार्म भर कर दिया गया।इस कार्यक्रम में शामिल रहे - भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री सुखलाल पुजारी जी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष श्री घासीराम नाग जी,सदस्यता अभियान के जिला सहसंयोजक श्री हारीश निषाद जी, सक्रिय सदस्यता अभियान जिला संयोजक श्री फूलचंद गागड़ा जी, एवं जिला पदाधिकारीगण व मंडल अध्यक्षगण, कार्यकर्ता गण उपस्थित थे

धरना-प्रदर्शन कर कहा लगातार हिंसक वरदातों से प्रदेश हुआ शर्मसार

दामाखेड़ा आश्रम में हुए हमले पर कांग्रेस ने जताया रोष

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर, 4 नवंबर। बलौदाबाजार जिले के दामाखेड़ा स्थित कबीर पंथ के गुरु प्रकाश मुनि साहेब के आश्रम में शुक्रवार रात हुए हमले की निंदा करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष लालू राठौर ने इसे विष्णुदेव साय की भाजपा सरकार के विफलता का एक और उदाहरण बताया।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशन पर जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में आयोजित एक दिवसीय धरना प्रर्द्धन में रविवार को कांग्रेस भवन के सामने हुए धरना को संबोधित करते जिला कांग्रेस अध्यक्ष लालू राठौर ने कहा कि डबल इंजन और रामराज्य के नाम के छलावे में बनी भाजपा सरकार में सतनाम और सत्यनाम के आदर्शों से जुड़ी इस पवित्र भूमि पर इस तरह की हिंसक घटना प्रदेश के लिए शर्मनाक है।इस दौरान क्षेत्रीय विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं बची है। हर दूसरे-तीसरे दिन कोई न कोई बड़ी घटना हो रही है। उन्होंने गृह मंत्री पर हमला बोलते हुए कहा कि उन्हें तत्काल बर्खास्त किया जाना चाहिए। आज के एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम,जिला पंचायत सदस्या श्रीमती नीना रावतिया उद्दे,नगर पालिका अध्यक्ष बेनहुर रावतिया,नगर पालिका उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लुर,पार्षद प्रवीण डोंगरे,पार्षद श्रीमती कविता यादव,पार्षद ललिता झाड़ी,पार्षद लक्ष्मण कड़ती, मनोज अवलम,वेणुगोपाल राव,महिला कांग्रेस शेख रजिया बेगम,शहर अध्यक्ष संतोस गुप्ता,गिरधारी लाल राठी,श्रीमती संजना चौहान,श्यामू गुप्ता,शदाशिव राणा,रतन कश्यप,हीरा लाल मण्डावी,बलराम कोरसा,लालू देवांगन,राजा गुप्ता,इदरीश खान,जगदीश सेन,नवनीत नायडू,कुशल जुमार,रहे मौजूद।

एक नजर

तिल्दा थाना प्रभारी को किया गया लाइन अटैच

रायपुर, 3 नवम्बर। इलाके में बढ़ते अपराधों के नियंत्रण रखने में उदासीनता बरते जाने पर तिल्दा थाना प्रभारी अविनाश सिंह तत्काल प्रभाव से हटाते हुए लाइन अटैच किया गया। रायपुर एसएसपी डॉ. संतोष सिंह ने आदेश जारी कर अविनाश सिंह की जगह सत्येंद्र श्याम को तिल्दा-नेवरा का नया थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है।

लखनलाल देवांगन 5 को राज्य स्थापना दिवस समारोह के कोरबा में होंगे मुख्य अतिथि

रायपुर, 4 अक्टूबर। राज्य स्थापना दिवस, 2024 के अवसर पर 5 नवम्बर को जिला मुख्यालयों में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिले में मुख्य अतिथिगण की सूची सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी कर दी गई है। इसी क्रम में जिला मुख्यालय कोरबा के ओपन थियेटर घण्टाघर चौक में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

प्रेमविवाह से नाराज भाई ने चचेरी बहन के पति की चाकू मार कर हत्या कर दी

रायपुर, 3 नवम्बर। जिले के तिल्दा क्षेत्र में एक युवक को अपनी चचेरी बहन के प्रेम विवाह करना इतना नागवांर गुजरा कि उसने गुस्से में आकर अपनी बहन के पति की चाकू गोदकर हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार गत एक नवंबर दिवाली के दिन तिल्दा के रहने वाले ओमप्रकाश रात्रे उर्फगोला पिता जतिराम रात्रे की नेवरा के खमार कुंआ नाला के पास लाश मिली थी। मृतक ओमप्रकाश के शरीर पर कई जगहों पर चोट के निशान मिले थे। जिसकी सूचना पर तिल्दा नेवरा पुलिस ने धारा 194 बी.एन.एस.एस. कायम कर जांच शुरू की थी। इधर शव के पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक की हत्या किये जाने की बात सामने आई जिसपर पुलिस ने मामले की जांच में तेजी दिखाते हुए मुखबीर से मिले सूचना के आधार पर एक संदेही युवक हेम कुमार को गिरफ्तार किया तथा पुछताछ की। पहले तो युवक मामले की जानकारी नही होने की बात करता रहा किंतु जब पुलिस ने सख्ती से पुछताछ की तो युवक ने ओमप्रकाश की हत्या करने की बात स्वीकार कर ली। आरोपी हेम कुमार ने पुलिस को बताया कि मृतक ओमप्रकाश ने लगभग एक माह पहले उसके बड़े पिता की लड़की के साथ प्रेम विवाह किया था जिसे लेकर वह बहुत नाराज था तथा रंजिश पाले हुआ था। और मौका मिलने पर एक नवंबर की रात उसने ओमप्रकाश की चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी।

रामदेव अग्रवाल ने स्टॉक मार्केट में निवेश के गुर सिखाये

रायपुर, 4 अक्टूबर। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेस लिमिटेड के चेयरमेन श्री रामदेव अग्रवाल राजधानी शहर रायपुर के जीईमार्ग में स्थित एनआईटी रायपुर में पहुंचे और नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा की विशेष उपस्थिति सहित एनआईटी रायपुर के डीन एकेडमी प्रोफेसर शिरीष वर्मा एवं प्रोफेसर समीर वाजपेयी की उपस्थिति में मंच से एनआईटी रायपुर के विद्यार्थी छात्र - छात्राओं सहित नगर के युवा उद्यमियों को स्टॉक मार्केट में निवेश करने के सम्बन्ध में गुर सिखलाये. श्री रामदेव अग्रवाल ने युवाओं को बतलाया कि वे अपने जीवन में शून्य से शिखर तक कैसे पहुंचे. श्री रामदेव अग्रवाल ने बताया कि वे जब पहली बार मुम्बई में पहुंचे, तो उनकी जेब में एक रूपये भी नहीं थे. वहाँ से प्रारम्भ कर आज उनका टर्नओवर 60 हजार करोड़ रूपये से अधिक पहुंच चुका है. श्री रामदेव अग्रवाल द्वारा स्टॉक मार्केट एवं निवेश के क्षेत्र में सफल बनने अनुभव पर दी गयी सभी टिप्स को युवा उद्यमियों एवं छात्र - छात्राओं ने ध्यानपूर्वक सुना. कार्यक्रम में पहुंचने पर मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेस लिमिटेड के चेयरमेन श्री रामदेव अग्रवाल सहित रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा का मंच पर डीन एकेडमी एनआईटी रायपुर प्रोफेसर शिरीष वर्मा एवं प्रोफेसर समीर वाजपेयी ने आत्मीय स्वागत किया. श्री रामदेव अग्रवाल ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी युवा उद्यमियों एवं छात्र - छात्राओं का परिचय प्राप्त किया एवं स्टॉक मार्केट एवं निवेश के क्षेत्र को लेकर अपने अनुभव पर जानकारी देने सहित इस सम्बन्ध में उनकी शंकाओं का शमन किया।

अंचल में रही मातर तिहार की धूम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भखारा, 4 नवम्बर। दीवाली एवं गोवर्धन पूजा त्यौहार खत्म होने के बाद अंवरी अंचल के गांवों में भाईदूज के दिन मातर महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। गांव अंचल की परंपरा, सामाजिक ताना-बाना और रहन-सहन से जुड़े इस पर्व को लोगों ने उत्साहपूर्वक मनाया। इस दौरान गांव के युवाओं की टीम ने एक से बढ़ कर एक करतब दिखाए शहर में आज लोग बदलते दौर के साथ पुरानी परंपरा को भूलते जा रहे हैं, लेकिन गांव की परम्परा की दस्तूर जारी है। दीवाली खत्म होने के बाद अंवरी अंचल के ग्राम भैसबोड़, सेमरा, जोरातराई, पुरेना, कोलियारी, भेड़सर, सिंगदेही, सिर्वे, भखारा, भठेली, कोसमर्रा, नवागाँव, बंगोली, बंजारी, बगौद, कुर्रा आदि गांवों में मातर तिहार धूमधाम से मनाया गया। मातर महोत्सव ग्रामीण क्षेत्रों का प्रमुख पर्व होता है। इसमे खास तौर पर ग्राम देवता, गोधन की पूजा होती है करतब

दिखाए जाते है और पूरा गांव उत्सव मनाता है।

क्या है मातर ?

दीपावली का पर्व सारे देश में धूमधाम से मनाया जाता है। लेकिन छत्तीसगढ़िया ग्रामीण परिवेश में इस पर्व का अलग स्वरूप देखने को मिलता है। मातर तिहार में ही दीवाली उत्सव चरम पर रहता है। ये पर्व ग्रामीण परंपरा, सामाजिक ताना-बाना और रहन-सहन से जुड़ा हुआ है। इसमें ग्राम देवता की पूजा होती है। साथ ही गोधन की भी पूजा होती है। इस दिन पूरा गांव एक साथ गौठान पर इकट्ठा होता है। जहाँ पर सांस्कृतिक कार्यक्रम होते है।

करतब का हुआ प्रदर्शन

अंवरी में मातर अनूठे तरीके से मनाया गया। गांव के युवाओं की टीम ने एक से बढ़ कर एक करतब दिखाए। कोई साइकल को दांतों से उठा कर घुमाता दिखा। तो कोई पानी से भरे गुंडी को दांतों से उठा कर सीढ़ी पर चढ़ गया। तो कोई कील के ऊपर सो कर अपने ऊपर अपने साथी को चढ़ा कर करतब दिखाता रहा। अनोखे साहसिक करतब देख कर लोग हैरान होते रहे।

इस अवसर पर यादव समाज द्वारा अंवरी के गौशाला चौक में पुरानी परम्परा का निर्वहन करते हुए पुरे विधि-विधान से पूजा अर्चना किया गया। इस अवसर पर यादव समाज के भाइयों द्वारा कुछ छत्तीसगढ़ी दोहा बोलते हुए राउत नाचा किया गया और परम्परा निभाया गया और साथ में कलश यात्रा भी निकाला गया जिसमें पूरे गांव का भ्रमण किया गया। साथ ही अंवरी अखाड़ा समिति के भाइयो द्वारा अपने अखाड़े का करतब लोगों के सामने प्रस्तुत किया गया। यादव समाज द्वारा अनेक कार्यक्रम जैसे बालिकाओं के द्वारा सुआ नृत्य, रिकॉर्डिंग डांस आदि किया गया जो कि लोगों के मनमोहक हुए। उक्त कार्यक्रम में लेखराम साहू, बालाराम ध्रुव, कुलजंन सिंह ठाकुर एवं यादव समाज के लोग पवन यादव, मूलचंद यादव, सालिक यादव, खुमान यादव, जगत यादव, कलीराम यादव, हिरऊ यादव, प्रेम लाल यादव व बड़ी संख्या ग्रामीणजन उपस्थित रहकर मातर महोत्सव का आनंद लिया।

नवदीप जनजागरण परिवार ने संजीव,गीतांजलि,चेतन का सम्मान किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भखारा, 4 नवम्बर। नवदीप जनजागरण परिवार के द्वारा गोवर्धन पूजा के अवसर पर बाजार चौक बोरझरा में ग्राम गौरव सम्मान व संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान देश सेवा के लिए चयनित युवा संजीव रात्रे पिता कोमल सिंह रात्रे, गीतांजलि सिन्हा पिता मनहरण सिन्हा साथ ही कक्षा दसवीं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर चेतन साहू पिता सुखित साहू व कक्षा बारहवीं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर उन्हें प्रतीक चिन्ह और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया साथ ही सभी सम्मानितों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

उल्लेखनीय है कि ग्राम बोरझरा मे प्रतिवर्ष गोवर्धन पूजा के अवसर पर विगत बीस वर्षों से ग्राम गौरव सम्मान का

आयोजन निरंतर किया जा रहा है।इस वर्ष भी गोवर्धन पूजा के पश्चात सम्मान का आयोजन किया गया एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती हुई।

कार्यक्रम में डॉ. ए.के. गजपाल संचालक गायत्री उद्यानिकी महाविद्यालय धमतरी, पूनाराम रात्रे, कमलेश साहू, राजेश साहू, परमानंद साहू, शेष नारायण साहू, हरिनाथ साहू, द्वारिका सिन्हा, डोमार सिंह साहू, गिरवर साहू, मोहन लाल साहू, निर्मल साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

ट्रक में आग लगने से वाहन चालक झुलस गया

पुलिस स्टाफ ने ग्रामीणों की मदद से सुरक्षित निकाला बाहर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 4 नवम्बर। ग्राम सुहेला में भाटापारा रोड स्थित एचपी पेट्रोल पंप के पास एक ट्रक में अचानक लग गई आग, जिसमें फंसे वाहन चालक को थाना सुहेला पुलिस स्टाफ द्वारा ग्रामवासियों की सहायता से बाहर निकाला गया। वाहन चालक को सुरक्षित बाहर निकालने में थाना सुहेला से प्रधान आरक्षक संजय सोनी, आरक्षक तोपचंद कौशिक एवं करण साय पैकरा का रहा महत्वपूर्ण योगदान

3 नवम्बर ग्राम सुहेला में भाटापारा रोड स्थित एचपी पेट्रोल पंप के पास एक ट्रक में अचानक आग लग गई जिसमें वाहन में आग की लपटों के बीच ड्राइवर

बहुत बुरी तरीके से फंस गया था, जिसे तत्काल बाहर निकालना अत्यंत आवश्यक था। थोड़ा सा भी विलंब एवं एक-एक पल वाहन चालक की जान के लिए लिए भारी पड़ रहा था। इस दौरान सर्वप्रथम आसपास खड़े ग्रामीणों ने यह दृश्य देखा एवं तत्काल ड्राइवर की मदद के लिए ट्रक की ओर दौड़ पड़े। इसी बीच थाना सुहेला में पदस्थ प्रधान आरक्षक संजय सोनी, आरक्षक तोपचंद कौशिक एवं करण साय पैकरा को ट्रक में आग लगने एवं उसमें एक वाहन चालक के फंसे होने की जानकारी मिली, जिसमें स्टाफद्वारा तत्काल थाना सुहेला से अग्निशामक यंत्र लाकर ट्रक में लगे आग को बुझाने का प्रयास किया एवं बिना समय गवाएं ग्रामवासियों की मदद एवं सूझबूझ से वाहन चालक को जलते ट्रक से बाहर निकाला। इस बीच वाहन चालक के शरीर का कुछ हिस्सा आग से झुलस गया। तत्पश्चात वाहन चालक को तुरंत सुहेला अस्पताल पहुंचाया गया तथा वाहन चालक का अभी इलाज जारी है।

कलेक्टर ने राज्योत्सव की तैयारियों का लिया जायजा

समय पर तैयारी पूर्ण करने अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार 4 नवम्बर। कलेक्टर दीपक सोनी ने रविवार को राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर पण्डित चक्रपाणी शुक्ल हाई स्कूल मैदान में 5 नवम्बर 2024 को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों क़ा जायजा लिया। उन्होंने मुख्य मंच, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन एवं विभागीय स्टालों की तैयारी क़ा निरीक्षण करते हुए समय पर सभी तैयारी पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर ने मुख्य मंच निर्माण,

लाईट, साउंड, वेरिकेटिंग, व्हीआईपी बैठक व्यवस्था, दर्शक दीर्घा, कलाकारों के ठहरने, भोजन, आवास, पुरस्कार, प्रतीक चिन्ह, प्रचार-प्रसार तथा विभागीय योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होने कार्यक्रम स्थल में पेयजल एवं स्वास्थ्य व्यवस्था के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल में वीवीआईपी एंट्री, आमजनों के लिए प्रवेश एवं स्टालों के लिए अवलोकन हेतु रूट निर्धारित करने तथा पार्किंग व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए। इसके साथ ही कलाकारों के विश्राम, ग्रीन रूम व्यवस्था के लिए भी निर्देशित किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल साहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे।

समाचार संक्षेप

आपसी रंजिश के चलते हत्या करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

तिल्दा-नेवरा, 4 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। एक नवम्बर की रात्रि करीबन 10 बजे मृतक ओमप्रकाश रात्रे उर्फगोला उम्र 22 वर्ष निवासी तुलसी नेवरा का अपने मो0सा0 सीजी 04, एम.एच. 2777 को लेकर घर से निकला जो रात में वापस नही आया था तब सुबह प्रार्थी जतिराम रात्रे को गांव के अनिल धीवर ने बताया कि आपका लडका नेवरा में खमार कुंआ नाला के पास मृत अवस्था में पडा है तब प्रार्थी घटना स्थल जाकर देखा तो लडका ओमप्रकाश रात्रे उर्फ गोला के

चेहरा, गाल, कान, सिर, गला, पीठ, दोनो हाथ व गर्दन एवं अन्य जगहों में काफी चोट का निशान है एवं मृत अवस्था में पडा है कि रिपोर्ट पर मर्ग क्रमांक 129/24 धारा 194 बी.एन.एस.एस. कायम कर मर्ग जांच पर संदेही आरोपी हेम कुमार साहु के द्वारा किसी धारदार वस्तु से प्राणघातक हमला कर गंभीर चोट पहुचाकर हत्या करना पाया गया एवं डॉक्टर द्वारा प्रदाय शार्ट पी0एम0 रिपोर्ट में मृत्यु की प्रकृति होमोसाईडल होना लेख करने पर अपराध क्रमांक 523/2024 धारा 103(1) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर आरोपी हेमकुमार साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपने बडे पिताजी की लडकी को करीब 20-25 दिन पहले ओमप्रकाश उर्फगोला रात्रे के द्वारा प्रेम विवाह करके पत्नि बनाने से रंजिशवश उसकी हत्या करने की नियत से बटनदार धारदार चाकू से गोद गोद कर उसकी हत्या करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बटनदार चाकू जप्त किया जाकर आरोपी के विरूद्ध पृथक से धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट जोडी गई है।

फसलों को कीट प्रकोप से बचाने किसानों को दें उचित सलाह : कलेक्टर

बलौदाबाजार, 4 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत सभाकक्ष में कृषि विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में रबी फसलों के लिए मैदानी अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम और विभिन्न कृषि विषयों पर चर्चा किया गया। कलेक्टर ने सभी मैदानी अधिकारियों को नियमित रूप से कृषकों के खेतों का भ्रमण कर विभागीय योजनाओं एवं तकनीकी जानकारी प्रदान करने के साथ ही धान फसल में विभिन्न कीटों और बीमारियों के नियंत्रण हेतु उचित सलाह देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को किसानों की समस्या का त्वरित करने सख्त हिदायत देते हुए लापरवाही बरतने के कारण किसानों को कोई दिक्कत होती है तो संबंधित के पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण वितरण के लिए सभी अधिकारियों को कृषकों को समितियों में भेजने और ऋण स्वीकृति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अधिक से अधिक कृषकों का बीमा कराने का लक्ष्य रखा गया है। धान कटाई के बाद बचे फसल अवशेषों के प्रबंधन हेतु अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए गए हैं ताकि पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। सभी किसानों का डाटा कैरी फारवर्ड और सत्यापन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2024 तक पूर्ण करने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। वर्तमान में रबी फसलों के लिए 7334.50 क्विंटल बीज की मांग प्रेषित की गई है, जिसका भंडारण बीज निगम द्वारा किया जा रहा है। सभी अधिकारियों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि किसानों की मांग के अनुसार बीज का भंडारण एवं वितरण हो। इस वर्ष 797 हेक्टेयर में बीज उत्पादन कार्यक्रम लिया जाना है ताकि आगामी वर्ष में अन्य जिलों पर निर्भरता कम हो सके।

सेजबहार इंजीनियरिंग में ईवीएम की कमीशनिंग 5 नवम्बर को

रायपुर, 4 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ राज्य अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र कमांक 51-रायपुर नगर दक्षिण के लिये होने वाले आगामी विधानसभा उपनिर्वाचन-2024 में इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों के माध्यम से मतदान कराये जाने हेतु भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है। मतदान के लिये मशीनों को तैयार करने के क्रम में मशीनों की कमीशनिंग का कार्य 5 नवंबर 2024 समय प्रातः 10.00 बजे से प्रारंभ कर दिया जायेगा, जिसकी सूचना रिटर्निंग आफिसर, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-51 जिला रायपुर के द्वारा निर्वाचन लड़ने वाले सभी अभ्यर्थियों को दी जावेगी। मशीनों के कमीशनिंग का कार्य रायपुर में सेजबहार स्थित ई-ब्लाक शासकीय इंजीनियरिंग कालेज में किया जावेगा। मतदान हेतु मशीनों को तैयार करने में आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिये निर्माता कंपनी मेसर्स इलेक्ट्रानिक कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, हैदराबाद (तेलंगाना) के इंजीनियर नियत तिथि के एक दिवस पूर्व रायपुर पहुंच जाएंगे।

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला-बालोद (छ.ग.)

फार्म-अ
सार्वजनिक सूचना
(नियम-6 देखिये)

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक खिलेश्वर आ. तेजराम, आयु 28 वर्ष, जाति गोंड़, निवासी ग्राम नारागांव, तह. गुरूर, जिला बालोद (छ.ग.)। आवेदिका रीना आ. श्री धनंजय, जाति गोंड़, उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम नारागांव, तह. गुरूर, जिला- बालोद (छ.ग.) द्वारा छत्तीसगढ़ विवाह का अनिवार्य पंजीयन नियम, 2006 के नियम 5 (2) के तहत पुष्टिकरण के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित छत्तीसगढ़ विवाह का अनिवार्य पंजीयन नियम, 2006 के नियम 5 (2) के तहत पुष्टिकरण के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 08/11/2024 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

अगामी तिथि- 08/11/2024

आज दिनांक 28/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

अपर कलेक्टर
एवं विशेष विवाह अधिकारी
जिला- बालोद (छ.ग.)
मुहर

सिटी कोतवाली व साइबर सेल की संयुक्त पुलिस टीम ने जुआ खेलने वालों पर की कार्रवाई

12 आरोपी गिरफ्तार, मोबाइल और नकदी जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 4 नवम्बर। ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले असमाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा जैसे अंवैधानिक कार्यों में लिप्त आरोपियों की धरपकड़ कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में 2 नवम्बर को थाना सिटी कोतवाली एवं सायबर सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर समृद्धि विहार कॉलोनी बलौदाबाजार एवं ग्राम रवान में अलग-अलग मामलों में जुआ खेलते हुए कुल 12 आरोपी जुआरिओं को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से 52 पत्ती ताश, नगदी ?1, 02, 895 एवं 03 मोबाइल जप्त किया गया। आरोपी जुआरियों के विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 13 जुआ एक्ट एवं छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिशेध अधिनियम 2022 की धारा 03(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया है।

आरोपियों के नाम

1. सुधीर जैन उम्र 50 साल निवासी नेहरू चौक बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली
2. विकास उर्फ विक्की पंजवानी उम्र 30 साल निवासी पुरानी बस्ती बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली
3. बंटी उर्फ विपुल पटेल उम्र 46 वर्ष निवासी गांधी चौक बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली
4. नरेश जायसवाल उम्र 50 साल निवासी पंचशील नगर बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली
5. मनीष पंजवानी उम्र 26 साल निवासी समृद्धि कॉलोनी बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली
6. राहुल अग्रवाल उम्र 32 साल निवासी पुरानी बस्ती बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली
7. अरविंद केसरवानी उम्र 40 साल निवासी गांधी चौक बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली
8. उमेश ध्रुव उम्र 23 साल निवासी दैहान पारा रवान थाना सिटी कोतवाली
9. लोकेश वर्मा उम्र 39 साल निवासी ग्राम टोनाटार थाना भाटापारा ग्रामीण
10. उमेश मनहरे उम्र 23 साल निवासी दैहान पारा रवान थाना सिटी कोतवाली
11. राजू कुर्रे उम्र 37 साल निवासी ग्राम रवान थाना सिटी कोतवाली
12. रमेश लाल ध्रुव उम्र 30 साल निवासी ग्राम बुडगहन

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

छत्तीसगढ़ राज्योत्सव

2024
दिनांक 04 से 06 नवम्बर

श्री विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस "राज्योत्सव"

उद्घाटन कार्यक्रम

04 नवम्बर, 2024
राज्योत्सव मैदान, नवा रायपुर अटल नगर

मुख्य अतिथि
डॉ. मोहन यादव
माननीय मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

अध्यक्ष
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

अतिविशिष्ट अतिथि
डॉ. रमन सिंह
माननीय अध्यक्ष, विधानसभा छत्तीसगढ़

विशिष्ट अतिथि

श्री अरूण साव
माननीय उप मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़

श्री विजय शर्मा
माननीय उप मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़

श्री रामविचार नेताम, माननीय मंत्री
श्री दयाल दास बघेल, माननीय मंत्री
श्री केदार कश्यप, माननीय मंत्री
श्री लखन लाल देवांगन, माननीय मंत्री
श्री श्याम बिहारी जायसवाल, माननीय मंत्री
श्री ओ.पी. चौधरी, माननीय मंत्री
श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, माननीय मंत्री
श्री टंकराम वर्मा, माननीय मंत्री
डॉ. चरणदास महंत, माननीय नेता प्रतिपक्ष
श्री बृजमोहन अग्रवाल, माननीय सांसद
श्री राजेश मूणत, माननीय विधायक
श्री पुरन्दर मिश्रा, माननीय विधायक
श्री मोती लाल साहू, माननीय विधायक
श्री अनुज शर्मा, माननीय विधायक
श्री गुरू खुशवंत साहेब, माननीय विधायक
श्री इंद्र कुमार साहू, माननीय विधायक

एवं
समस्त माननीय सांसद, विधायक, निगम, मंडल, आयोग, जिला पंचायत के माननीय अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यगण, माननीय महापौर की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित है।

आप सादर आमंत्रित हैं...

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से जुड़ने के लिए QR CODE स्कैन करें।

हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

संवाद-42009/89

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26